रोहतक
बुधवार 11 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 278
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 31.3°C
न्यून. 12.2°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी



लगातार दूसरे दिन जहरीली रही प्रदेश की आबो-हवा, सांस लेना हुआ दूभर

दुनिया के 50 सबसे दूषित शहरों में भारत के 49, छाई जहरीली धुंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 भारत के हैं। पूरे दिल्ली एनसीआर में धुंध की जहरीली चादर छाई हुई है। लोगों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे ज्यादा प्रदूषण के मार पड़ रही है। आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार सुबह 9:54 बजे राजस्थान का श्रीगंगानगर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां एक्यूआई 821 दर्ज किया गया। इस सूची में भारत के अलावा सिर्फ पाकिस्तान का लाहौर शामिल था। लाहौर 430 एक्यूआई के साथ 14वें स्थान पर रहा। वहीं, दिवाली के बाद दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश तक प्रदूषण गंभीर बना हुआ है। दिल्ली में मंगलवार सुबह 6 बजे चांदनी चौक का एक्यूआई 400 के पार रहा, जबकि कई इलाकों में यह 300 से ज्यादा दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के भोपाल, उज्जैन और हरियाणा के सिरसा में एक्यूआई 365 दर्ज किया गया। यूपी के नोएडा में एक्यूआई 332, बुलंदशहर में 331, गाजियाबाद में 324 दर्ज किया गया। एयर क्वालिटी इंडेक्स 201 से 300 तक होने पर हवा खराब मानी जाती है। 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी होती है।

श्रीगंगानगर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

यहां एक्यूआई 831 दर्ज किया दिल्ली-भोपाल में 400 पार

चांदनी चौक समेत कई इलाकों में जहरीली धुंध



हरियाणा बेहाल

शहर	एक्यूआई		
सिरसा	365	अंबाला	276
गुरुग्राम	334	पानीपत	273
कैथल	322	भिवानी	241
जींद	287	रोहतक	230
फरीदाबाद	284	करनाल	224
फतेहाबाद	280	पलवल	222
च.दादरी	280	सोनीपत	222
		धारूहेड़ा	210

प्रदेश में सिरसा सबसे प्रदूषित

प्रदेश में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड के अनुसार, हरियाणा के शहर लगातार दूसरे दिन सबसे अधिक प्रदूषित रहे। मंगलवार के आंकड़ों के अनुसार सिरसा सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां एक्यूआई 365, वहीं गुरुग्राम में एक्यूआई 334 दर्ज किया गया। देश के दूसरे राज्यों के शहरों से तुलना करें तो राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के शहरों में प्रदूषण का स्तर सबसे चिंताजनक दिखाई दे रहा है। प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 6 नवंबर को पूरे दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का तीसरा चरण लागू कर दिया। इससे पहले 21 अक्टूबर को ग्रैप-1 और 2 नवंबर को ग्रैप-2 लागू किया गया था। अब गंभीर श्रेणी के लिए निर्धारित अतिरिक्त पाबंदियां भी प्रभावी हो गई हैं।

दीवाली के बाद दिल्ली की हवा और बिगड़ी

दिल्ली में 8 नवंबर को दीवाली के बाद वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट दर्ज की गई। 9 नवंबर की सुबह राजधानी का एक्यूआई कथित तौर पर 663 तक पहुंच गया, जो पिछले साल दीवाली के बाद दर्ज स्तर से 69 प्रतिशत अधिक था। इस बीच दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गए हैं। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी को प्रदूषण का कारण बताया है। आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों को खारिज किया है।

वाहनों से बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को बढ़ते प्रदूषण को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे उन उपायों की पूरी जानकारी दें, जो ओवर-एज और नियमों के खिलाफ चल रहे वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में घुसने और चलने से रोकने के लिए किए गए हैं। इस मामले में सख्ती दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि वाहनों से होने वाला प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इस पर तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है। कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारें, साथ ही म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) और दिल्ली पुलिस से इस पूरे मामले में जवाब मांगा है। कोर्ट ने सभी पक्षों को 2 हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है। (पैकेज पेज-8 पर)

प्रदेश सरकार सख्त

हरियाणा में पराली जलाने पर 5 से 30 हजार तक जुर्माना



रोजाना औसतन 25 घटनाएं, अब तक 510 केस, पंजाब में 3,534 मामले सामने आ चुके

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में फसली सीजन के दौरान पराली जलाने के मामलों में इजाफा दर्ज किया गया है। नासा के सैटेलाइट डेटा के अनुसार, प्रदेश में अब तक पराली जलाने की 510 घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। औसतन हर दिन करीब 25 मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, पड़ोसी राज्य पंजाब में अब तक 3,534 घटनाएं दर्ज की गई हैं। हालांकि, हरियाणा के कृषि विभाग के आंकड़ों में पराली जलाने के मामलों की संख्या इससे काफी कम है।

जमीन रिकॉर्ड में रेड एंट्री

पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावा उनके जमीन के रिकॉर्ड में रेड एंट्री की जाती है। इसके कारण संबंधित किसान आगामी फसली सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल बेचने से वंचित हो सकते हैं। प्रदेश में पराली का प्रबंधन करने वाले किसान को सरकार की ओर से 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन दिया जाता है।

झज्जर के मांडोठी में बड़ी वारदात



बहादुरगढ़। अस्पताल में घायल की जांच करते डॉक्टर।

दो युवकों को गोलियों से भूना, एक की मौत

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। मांडोठी में बीती रात को हुए गोलीकांड में घायल हुए जोगेंद्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं घायल हरदीप की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया है। हालांकि नामजद पांच आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस को दी शिकायत में मांडौठी गांव निवासी बल्लू ने बताया कि 9 नवंबर की रात करीब 8 बजे उसका बड़ा बेटा हरिओम फार्महाउस से घर लौट रहा था। रास्ते में एक वैन्यू कार आई और उसके सामने गाड़ी अड़ा दी। कार में मुकेश उर्फ गुंगा, उसका बेटा साहिल, भोंदू और रोहित सवार थे। चारों गांव के ही रहने वाले हैं। आरोप है कि उन्होंने हरिओम को जान से मारने की धमकी दी। उनके हाथों में हथियार थे। हरिओम किसी तरह वहां से बचकर निकला और अपने छोटे भाई प्रदीप को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। हालांकि, इससे पहले ही हमलावर उसके भाई को तलाशते हुए वहां पहुंच गए।

मामले में आरोपी दंपति गिरफ्तार, पांच नामजद आरोपियों की तलाश

जमीनी विवाद की बात आ रही सामने

आरोपियों को प्रदीप तो नहीं मिला, लेकिन बल्लू का तीसरा बेटा हरदीप अपने दोस्त जोगिंद्र उर्फ भोलू के घर पर बैठा मिला। आरोप है कि इसके बाद मुकेश, उसका बेटा साहिल, उसकी पत्नी भतेरी, कृष्ण, भोंदू रोहित उर्फ काला और सोनू वहां पहुंच गए। उन्होंने हरदीप और जोगिंद्र पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दोनों ने भागने की कोशिश की। हमलावर उन पर फायरिंग करते रहे। हरदीप को तीन तो जोगेंद्र को दो गोलियां लगी हैं। जमीनी विवाद या पुराने झगड़े की बात सामने आ रही है। वारदात स्थल से पुलिस को 14 खोल, तीन सिक्के व तीन कारतूस बरामद हुए हैं।

खबर संक्षेप

जुलाई-सितंबर में देश में बेरोजगारी 5.1% पर आई

नई दिल्ली। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान भारत की बेरोजगारी दर पिछली तिमाही के 5.4% से घटकर 5.1 प्रतिशत हो गई है। इसका मुख्य कारण ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी में आई कमी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी 'पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे' के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2026 के 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3% हो गई है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई है।

गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद



गंगोत्री। उत्तरकाशी के गंगोत्री धाम के कपाट 10 नवंबर को दोपहर 12:05 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस साल 19 अप्रैल को कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। कपाट बंद होने से पहले मंदिर को 5 क्विंटल फूलों से सजाया गया। इसके बाद सेना के बैंड की धुन के साथ मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास के लिए रवाना हुई।

आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण का फिर तलाक

अमरावती। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण तथा उनकी पत्नी अन्ना कोनिडेला ने आपसी सहमति से तलाक लिया है। शादी के 13 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया। दोनों ने कहा कि वे अच्छे दोस्त बने रहेंगे। पवन कल्याण और अन्ना अपने बच्चों के लिए समर्पित माता-पिता की भूमिका निभाते रहेंगे। बच्चों की खुशी दोनों की साझा प्राथमिकता रहेगी।



बांग्लादेश में हिंसा, बसें फूंकीं थानों के बाहर बम धमाके

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पिछले कुछ दिनों से हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। 8 और 9 नवंबर को कई जगह धमाके और आगजनी हुई है। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के वकीलों ने भारत में उनके नए पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र के लिए आवेदन किया है। हसीना ने कहा है कि वे दिसंबर में बांग्लादेश लौटेंगी। उनके लौटने से पहले ही देश में राजनीतिक तनाव बढ़ने लगा है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद अख्तर हुसैन के मुताबिक, रविवार 8 नवंबर की शाम से देर रात तक राजधानी के करीब 10 इलाकों में 15 से 20 घटनाएं हुईं।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी की तैयारी से बढ़ा तनाव
हसीना ने कहा, वे दिसंबर में बांग्लादेश लौटेंगी

आईपीएल में बढ़ सकती हैं दो टीमें, पुणे-वडोदरा रेस में आगे

नई दिल्ली। आईपीएल में 2028 से दो नई फ्रेंचाइजी शामिल हो सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई लीग के विस्तार पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है तो टीमों की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो जाएगी। नई टीमों की रेस में पुणे और वडोदरा को सबसे आगे माना जा रहा है। नई टीमों के शहरों का अंतिम फैसला बदल भी सकता है। आईपीएल में पिछली बार 2022 सीजन से पहले दो नई टीमें शामिल की गई थीं। लखनऊ सुपर जायंट्स को आरपीएसजी ग्रुप ने 940 मिलियन डॉलर में खरीदा था। गुजरात टाइटंस का मालिकाना हक सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने 750 मिलियन डॉलर में हासिल किया था।

2028 में हो सकता है 12 टीमों का टूर्नामेंट
बीसीसीआई लीग के विस्तार पर कर रहा विचार

5 राज्यों में चुनाव से पहले आयोग का फैसला

रिटायर्ड अफसरों पर भी लागू होगी आचार संहिता

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने आचार संहिता को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत आचार संहिता सिर्फ मौजूदा सरकारी कर्मचारियों पर ही नहीं, बल्कि रिटायर होकर फिर से सरकार के लिए काम कर रहे अफसरों और लोगों पर भी लागू होगी। आयोग ने यह फैसला कुछ लोगों पर सरकारी पद के गलत इस्तेमाल की शिकायतों के बाद लिया। अब उन्हें राजनीतिक निष्पक्षता बनाए रखनी होगी और चुनाव प्रचार या कैंपेनिंग से दूर रहना होगा। चुनाव आयोग ने इस फैसले को लेकर गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजा है।

कैंपेनिंग से दूर रहना होगा, मीटिंग भी नहीं करेंगे

सरकारी कर्मचारियों जैसी पाबंदियां होंगी लागू

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले भी ऐसी शिकायतें मिली थीं। इनमें कहा गया था कि राज्य सरकारों से अलग-अलग भूमिकाओं में जुड़े रिटायर्ड अधिकारी चुनाव के दौरान सरकारी अधिकारियों की बैठकें बुलाते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि राज्य सरकारों से जुड़े, नियुक्त या दोबारा नियुक्त किए गए लोगों पर भी सरकारी कर्मचारियों जैसी पाबंदियां लागू होंगी।

डेढ़ करोड़ की तेंदुए की खाल सहित युवक काबू



वन्यजीव विभाग व सीआईए की संयुक्त कार्रवाई, साढ़े तीन वर्षीय तेंदुए की खाल

हांसी (हरिभूमि न्यूज)। वन्यजीव विभाग और सीआईए हांसी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये कीमत की तेंदुए की खाल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नारनौंद क्षेत्र के गांव पेटवाड़ निवासी सोनू के रूप में हुई है। वन्यजीव विभाग के प्रारंभिक आकलन के अनुसार बरामद खाल करीब साढ़े तीन वर्ष आयु के तेंदुए की है। इसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी का भाई तेंदुए की खाल उसके पास छोड़कर गया था। बताया जा रहा है कि आरोपी का भाई फिलहाल तमिलनाडु में रह रहा है। हालांकि, तेंदुए का शिकार कहां किया गया और खाल आरोपी तक कैसे पहुंची, इस बारे में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। जांच टीम खाल के स्रोत, शिकार में शामिल लोगों और इसे रखने के पीछे के मकसद का पता लगाने में जुटी है।

डीएसपी क्राइम रविंद्र सांगवान ने मंगलवार को बताया कि वन्यजीव विभाग और सीआईए की संयुक्त टीम ने आरोपी को तेंदुए की खाल सहित गिरफ्तार किया है। खाल बरामद कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के भाई की भूमिका और इस मामले से जुड़े अन्य संभावित लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

तमिलनाडु में रह रहे आरोपी के भाई की भूमिका भी जांच के दायरे में

यमुना में करें क्रूज, म्यूजिकल फाउंटेन और फूड कोर्ट की सैर



चार किमी में क्रूज और फेरी सेवाएं शुरू
मंत्री सोनोवाल और रेखा रहे मौजूद

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्लीवासियों को अब यमुना में क्रूज और नौका विहार का आनंद लेने के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और सीएम रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सोनिया विहार में 'नमो यमुना रिवर क्रूज सेवा' का शुभारंभ किया। राजधानी में नदी आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की नई पहल शुरू हो गई है। परियोजना के तहत सोनिया विहार से जगतपुर तक करीब 4 किलोमीटर के क्षेत्र में क्रूज और फेरी सेवाएं विकसित की गई हैं। यात्रियों को पूरी यात्रा के लिए प्रस्तावित 500 रुपये शुल्क देना होगा, जबकि परिसर में प्रवेश शुल्क 50 रुपये रखा गया है।

दिल्ली के पर्यटन को पहचान मिली

सीएम गुप्ता ने कहा कि नमो यमुना रिवर सफारी केवल क्रूज या नौका सेवा नहीं, बल्कि मां यमुना के प्रति आस्था, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। दिल्लीवासी नदी के प्राकृतिक परिवेश को महसूस कर सकेंगे। उन्होंने परिवार के साथ यहां आने और बच्चों को यमुना के प्राकृतिक वातावरण से परिचित कराने की अपील की। पहल पर्यटन को नई पहचान देगी।

500 के नोट बंद हों : चंद्रबाबू

बोले-सिर्फ 100-200 के चलें, भ्रष्टाचार रुकेगा



डिजिटल पेमेंट से भ्रष्टाचार कम होगा

देश में 3 बार नोटबंदी हो चुकी

एजेंसी ▶▶| अमरावती

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 500 और 2,000 रुपये के नोट बंद कर देने चाहिए। सिर्फ 100 और 200 रुपये के नोट ही चलन में रहने चाहिए। बड़े नोटों का चलन कम करने और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पहले भी डिजिटल करेंसी को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर पीएम नरेंद्र मोदी को सौंपी थी। अब वे फिर इस मुद्दे को उठाएंगे। नायडू ने यह मांग 9 नवंबर को अमरावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उठाई थी। यह बयान 8 नवंबर 2016 की नोटबंदी के 10 साल पूरे होने के अगले दिन आया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 19 मई 2023 को 2000 के नोट चलन से वापस लेने का फैसला किया था, लेकिन ये नोट अभी भी कानूनी रूप से वैध हैं। यानी इनसे लेन-देन किया जा सकता है। 8 नवंबर 2016 को 500 और 1,000 के पुराने नोट बंद किए गए थे।

राष्ट्रपति के अंगरक्षक को मारी सिर में गोली

बागपत। दिवाली की रात हादसों की भी रात थी। यूपी के बागपत में पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने राष्ट्रपति के अंगरक्षक को सिर में गोली मार दी। घायल अवस्था में पीड़ित को मेरठ के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वे आईसीयू में भर्ती हैं।

बच्चे की आंखें झुलसीं

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर के सोनिवली आवासीय सोसाइटी के बाहर बच्चों के पटाखे फोड़ने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक हो गया और इस दौरान 3 लोगों ने एक व्यक्ति से गाली-गलौज की और कथित तौर पर उसकी पिटाई कर दी। मामला दर्ज हो गया है।

गर्मी में जवान के बेहोश होने के बाद यूनिफॉर्म बदलने का फैसला

अब मशहूर 'काली वर्दी' में नहीं दिखेंगे एनएसजी कमांडो

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्लैक कैट कमांडो की मशहूर काली वर्दी अब बदलने जा रही है। वजह है-भयंकर गर्मी। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) ने अपने वीआईपी सुरक्षा में लगे कमांडो के लिए नई ब्रीदेबल यानी सांस लेने वाली यूनिफॉर्म बनाने की सिफारिश की है। ये यूनिफॉर्म नायको कपड़े से बनेगी, जिसमें नायलॉन और कॉटन होता है। यह कपड़ा हवा और नमी को आसानी से बाहर निकलने देता है। अप्रैल में विजयवाड़ा में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में तैनात कमांडो करीब 44 डिग्री तापमान में बेहोश हो गया था। इसके बाद ही यह फैसला लिया गया। एनएसजी को उम्मीद है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा तक कमांडो नई यूनिफॉर्म पहनने लगेंगे।

नई ब्रीदेबल यानी सांस लेने वाली यूनिफॉर्म बनाने की सिफारिश
नायको कपड़े से बनेगी यूनिफॉर्म, इसमें नायलॉन व कॉटन शामिल



विजयवाड़ा में कमांडो को आया था हीटस्ट्रोक

एनएसजी के सूत्रों ने बताया कि अप्रैल 2026 में हुई एक घटना के बाद नई यूनिफॉर्म का फैसला लिया गया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में तैनात एक एनएसजी कमांडो ड्यूटी के दौरान ही बेहोश होकर गिर गया। उस दिन विजयवाड़ा में तापमान लगभग 44 डिग्री था। कमांडो ने काली ओवरऑल यूनिफॉर्म के ऊपर 6 किलो की बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी। सिर पर काली बेरेट थी और कमर पर छोटे हथियार लगे थे। कमांडो को हीटस्ट्रोक और थकान हुई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

बढ़ती गर्मी डाल रही बुरा असर

एनएसजी की क्लोज प्रोटेक्शन फोर्स के कमांडरों और मुख्यालय के विशेषज्ञों ने घटना को गंभीरता से लिया। उन्होंने माना कि बढ़ती गर्मी और तापमान वीआईपी सुरक्षा टीमों पर शारीरिक असर डाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, काली ओवरऑल यूनिफॉर्म बहुत ज्यादा गर्मी सोखती है। इसके अलावा कमांडो काला चश्मा और संचार उपकरण भी साथ रखते हैं। इससे गर्मी में उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने संत कबीर कुटीर पर भगत सैन की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

धान खरीद में गिरावट चिंता का विषय : सैलजा

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने हरियाणा में धान की सरकारी खरीद में आई गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार की कृषि नीतियों पर सवाल उठाए हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार पोर्टलों, घोषणाओं और प्रचार में व्यस्त है, जबकि किसान सिंचाई के पानी, बिजली, फसल खरीद और समय पर भुगतान जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। सैलजा ने कहा कि प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में धान खरीद का लक्ष्य 58 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया था, लेकिन अब तक लगभग 44.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। पिछले वर्षों की तुलना में यह गिरावट चिंताजनक है।

डेरा प्रबंधन के कामकाज की जांच कराने की मांग

चंडीगढ़। डेरा सचखंड बल्लां के प्रबंधन और कामकाज को लेकर संगत के कुछ सदस्यों ने गंभीर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की है। डेरा के वित्तीय प्रबंधन, दान की राशि, बैंक खातों, संपत्तियों, नियुक्तियों तथा कुछ व्यक्तियों द्वारा संस्था के आंतरिक मामलों में कथित हस्तक्षेप को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। मंगलवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट एलएम गुलाटी ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर संगत की ओर से समय-समय पर शिकायतें और प्रस्ताव संबंधित स्तर पर रखे जाते रहे हैं। उनका कहना था कि इन शिकायतों को केवल आरोप-प्रत्यारोप के तौर पर देखने के बजाय निष्पक्ष जांच के माध्यम से तथ्यों को सामने लाया जाना चाहिए।

सरकार के धान खरीद के दावे खोखले : चौटाला

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक-एक दाना धान खरीदने के दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए हैं। सरकार ने किसानों को दीपावली के त्योहार पर भी राहत देने की बजाय अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, जबकि इस साल सरकार ने खरीद का लक्ष्य ही घटाकर 58 लाख मीट्रिक टन कर दिया। इसके बावजूद अब तक महज 45 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हो पाई है। खरीदे गए धान के भुगतान में भी 410 करोड़ रुपये किसानों का बकाया पड़ा है।

गुरुग्राम के श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज में मिलेगा सस्ता इलाज : मुख्यमंत्री

5 लाख से कम सालाना आय वाले परिवारों को सब्सिडी, अस्पताल में खुलेगी अमृत फार्मेसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के लिए सुलभ और किफायती बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम के सेक्टर-102 स्थित श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं 883 बेड के टीचिंग अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों तथा पांच लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के पात्र मरीजों के लिए उपचार संबंधी विशेष प्रावधान किए हैं। इन प्रावधानों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को उपचार में सब्सिडी का लाभ मिलेगा और वे किफायती दरों पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में मेडिकल कॉलेज एवं टीचिंग अस्पताल के संचालन और रखरखाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों तथा पांच लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के पात्र मरीजों के लिए उपचार में सब्सिडी और अस्पताल में विशेष सुविधाओं से संबंधित प्रावधानों पर निर्देश भी दिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर इलाज का आर्थिक बोझ कम हो और उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में अमृत फार्मेसी खोलने के निर्देश भी दिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध हो सकें।



बैठक में दाखिले के लिए सीटों और फीस पर चर्चा

बैठक में मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों के दाखिले के लिए सीटों और फीस से संबंधित प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सीटों तथा फीस संरचना को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, नगर एवं ग्राम आयोजना और शहरी संपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव सीजी.रजिनीकांथन, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कपालमोचन मेला 20 से, मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुनानगर जिले के बिलासपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कपालमोचन मेले को भव्य, दिव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाए। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला प्रदेश की समृद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इसकी गरिमा और ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री नायब सैनी मंगलवार को राज्य स्तरीय कपाल मोचन मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में लगभग 122 एकड़ क्षेत्र में 20 से 24 नवम्बर तक आयोजित होने वाले इस पांच दिवसीय मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल यादव व अन्य मौजूद रहे।

बिजली कर्मियों और सरकार के बीच 16 को बैठक, विज करेंगे अध्यक्षता

चंडीगढ़। हरियाणा के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियर्स के साथ हड़ताल समाप्त करने को लेकर बनी सहमति के बाद में

■ बिजली कर्मचारियों और इंजीनियर्स की हड़ताल का मामला

अब एक बार फिर से सरकार के साथ में बैठक होगी इसकी अध्यक्षता प्रदेश के ऊर्जा श्रम और परिवहन मंत्री अनिल विज करेंगे। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड पंचकूला की ओर से जारी आधिकारिक नोटिस के अनुसार, बैठक 16 को होगी। इसको लेकर शाम तीन बजे का वक्त रखा गया है। हरियाणा निवास में होने वाली बैठक में मंत्री अनिल विज और बिजली कंपनियों की चेयरपर्सन आशिमा बराड़ सहित अन्य मौजूद रहेंगे। यहां पर बता दें कि निजी कंपनी को गुरुग्राम और नूंह का लाइसेंस दिए जाने के विरोध में बिजली संगठनों ने हड़ताल कर ब्लैक आउट कर दिया था। सरकार से बातचीत के बाद कर्मचारी मान गए थे।

झींगा पालकों को सोलर सिस्टम पर 60 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी : कृषि मंत्री

चंडीगढ़। सरकार ने प्रदेश में मत्स्य पालन और झींगा पालन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में बढ़ोतरी के उद्देश्य से बड़ा और महत्वपूर्ण

■ मत्स्य पालन को बढ़ावा दे रही सरकार : राणा

निर्णय लिया है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि झींगा पालकों की उत्पादन लागत को कम करने और उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए सोलर सिस्टम पर मिलने वाली सब्सिडी की सीमा में व्यापक बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने सोलर सिस्टम सब्सिडी की सीमा को पहले के 10 किलोवाट से बढ़ाकर अब 30 किलोवाट तक कर दिया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य की योजना गहन मत्स्य विकास कार्यक्रमके तहत सफेद झींगा पालन के लिए 50,000 रुपये प्रति किलोवाट अथवा 30 किलोवाट के लिए 15,00,000 रुपये की कुल परियोजना लागत निर्धारित की गई है, जिस पर मत्स्य पालकों को 60 प्रतिशत की भारी सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

रिटायर्ड आईएएस अरुण गुप्ता ने ली एचईआरसी चेयरमैन की शपथ



चंडीगढ़। हरियाणा के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और पूर्व मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अरुण गुप्ता ने मंगलवार को हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमिशन (एचईआरसी) के नए चेयरमैन के रूप में शपथ ली। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में आयोजित कार्यक्रम में बिजली मंत्री अनिल विज ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे शुरू हुआ और करीब आधे घंटे तक चला। इस दौरान बिजली विभाग की कमिश्नर एवं सेक्रेटरी आशिमा बराड़, दक्षिणी और उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के एमडी विक्रम सिंह और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के एमडी आदित्य दहिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अरुण गुप्ता की नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब निजी बिजली कंपनी के लाइसेंस रद्द करने का मामला चर्चा में है।

हरियाणा पुलिस में शीतकालीन वर्दी लागू

चंडीगढ़। बदलते मौसम और सर्दी की जल्दी शुरुआत को देखते हुए हरियाणा पुलिस में शीतकालीन वर्दी लागू कर दी गई है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। डीजीपी कार्यालय की तरफ से प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों (एसपी), पुलिस आयुक्तों और रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों (आइजी) को पत्र भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी गई है। निर्धारित नियमों के अनुसार सामान्य तौर पर 15 नवंबर से 15 मार्च तक विंटर यूनिफार्म पहनी जाती है। हालांकि, मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए डीजीपी इसके समय में बदलाव कर सकते हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि इस बार सर्दियों की शुरुआत जल्दी होने के मद्देनजर वर्दी में बदलाव किया गया है।

2000 कर्मचारियों को जूनियर के बराबर वेतन पाने का रास्ता साफ, 2014 से मिलेगा लाभ

■ दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों की पेंशन में भी वृद्धि होगी

सुप्रीम कोर्ट का आदेश, आकलन में जुटे अधिकारी

सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अमलीजामा पहनाने के लिए वित्त विभाग ने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे एसएएस और संबंधित विभाग में तैनात अटार्नी कैडर के अधिकारियों से परामर्श कर पूरे मामले की बारीकी से जांच करें। अलग-अलग श्रेणियों के कर्मचारियों पर फैसले के क्रियान्वयन और इसके वित्तीय प्रभावों का भी आकलन किया जाए। विभागों को स्टेपिंग अप के मामले में घटनाक्रम और तारीखवार स्पष्ट एवं समेकित प्रस्ताव तैयार करना होगा जिसमें वित्तीय प्रभाव का पूराब्योरा शामिल करने के साथ एसएएस काडर के अफसरों से सत्यापन भी करवाना होगा। यह प्रस्ताव वित्त विभाग की पे रिवीजन ब्रांच को अनिवार्य रूप से एक पखवाड़े के भीतर भेजना होगा। इस क्रम में विभाग की ओर से चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने पर अधिकारियों की सीधे सीधे जिम्मेदारी होगी।

चंडीगढ़। हरियाणा में दो हजार कर्मचारियों को जूनियर के समान वेतन मिलने का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया है। 11 मार्च 2014 से संशोधित वेतनमान लागू होगा और छह माह में बकाया राशि (एरियर) का भुगतान भी किया जाएगा। इसके साथ ही दिवंगत हो चुके कर्मियों को नोशनल आधार पर स्टेपिंगअप का लाभ दिया जाएगा, जिससे उनके आश्रितों की पेंशन में बढ़ोतरी होगी। यहां पर बता दें कि वेतन स्टेपिंग-अप सरकारी सेवा में इस तरह का नियम है, जिसके तहत यदि किसी वरिष्ठ कर्मचारी का वेतन अपने कनिष्ठ कर्मचारी से कम हो जाता है, तो उसके वेतन को कनिष्ठ के बराबर या उससे अधिक कर दिया जाता है। वेतन विसंगति की यह स्थिति पदोन्नति, वार्षिक वेतन वृद्धि या नए वेतन आयोग के नियमों के कारण जूनियर कर्मचारी की वित्त विभाग ने वेतन विसंगति दूर करने के लिए सभी विभागों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अगस्त को दिए आदेश में स्पष्ट किया है कि याचिकाकर्ताओं और उनके समान स्थिति वाले कर्मचारियों का वेतन उनके जूनियर कर्मचारियों के बराबर 11 मार्च 2014 से तय किया जाएगा। यह तारीख हरियाणा के 2014 अधिनियम के आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित होने की है।बेसिक सैलरी सीनियर से अधिक होने के कारण पैदा होती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ताओं और समान स्थिति वाले कर्मचारियों को निर्धारित आधार पर बकाया एरियर का भुगतान छह महीने के भीतर किया जाए।

उत्तर रेलवे

ई–टेंडरिंग

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–13/2026–27 दिनांक 09.11.2026

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम	लगभग लागत (रु.)	बोली प्रतिभूति (रु.)	पूर्ण होने की अवधि	बंद करने और खोलने की तिथि
1	30-विधुत–14/2026-27 (ओपन टेंडर)	अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न NSG श्रेणी के स्टेशनों (बुलुआना, पक्की, पंज कोसी, हिंदुमलकोट और फतूही) पर मौजूदा प्लेटफॉर्मों का विस्तार और उन्हें ऊंचे स्तर (हाई लेवल) तक उठाने का कार्य: अंबाला कैंट स्थित DRM कार्यालय में SCADA और SEMC कंट्रोल उपकरणों को मौजूदा RCC भवन से नई बनी RCC इमारत में स्थानांतरित करना, फिर से लगाना, परीक्षण करना और चालू करना: कौली, न्यू मोरिंडा, मोरिंडा, कुराली और भानुपली स्टेशनों पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज (FOB) के साथ रैंप की व्यवस्था करना ताकि स्टेशन दिव्यांगजनों के लिए सुलभ हो सकें (यह कार्य Sr. DEN-IV/UMB के अंतर्गत आता है): UMB-LDH सेक्शन पर शंभू (SMU) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 को रेल लेवल से ऊंचे स्तर तक उठाना और उसका 600 मीटर तक विस्तार करना, साथ ही प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 को जोड़ने के लिए 3 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज (FOB) बनाना: और अंबाला डिवीजन के अंतर्गत SRE में क्रू लॉबी का अपग्रेडेशन करने से संबंधित विद्युत कार्य।	Rs. 1,66,32,273.60	Rs. 3,32,700.00	06 महीने	01.12.2026
1	30-विधुत–15/2026-27 (ओपन टेंडर)	अंबाला मंडल के अंतर्गत, अंबाला स्थित कंट्रोल ऑफिस और डिवीजनल रेलवे अस्पताल में अग्निशमन व्यवस्था उपलब्ध कहाकर सार्विस बिल्डिंग में सुधार करने से संबंधित विद्युत कार्य।	Rs. 2,50,88,140.86	Rs. 5,01,800.00	06 महीने	01.12.2026

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार **PAN/TIN/GST** सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15:00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **3925/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई निविदा आमंत्रण

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जी, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर एनएफआर के विविध अनुबंधों के आवंटन के लिए ई–निविदा आमंत्रित किया है।

ई–कैटलॉग नं.	परिसंपत्ति का प्रकार	रेलवे स्टेशन	ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय
Advt-Nov-2026-5	विनाइल स्टिकर/बाहरी रैपिंग	ट्रेन संख्या 22479/80 और 22485/86	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	यूनिपोल	मोदीनगर।	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	यूनिपोल (OOH)	क्लस्टर–C, E, F और D	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	डुअल डिस्प्ले इन्फॉर्मेशन सिस्टम यूटीएस (DDIS)	290 यूटीएस काउंटर दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर।	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	डुअल डिस्प्ले इन्फॉर्मेशन सिस्टम पीआरएस (DDIS)	165 पीआरएस काउंटर दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर।	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	स्टेशन परिसर में विज्ञापन (डिजिटल)	शकूर बस्ती	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर–डिजिटल)	शकूर बस्ती	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	प्रतीक्षालय	पानीपत, करनाल, खेकड़ा, बागपत रोड और मनसा, रेलवे स्टेशन	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	यात्री घोषणा प्रणाली (PAS)	नई दिल्ली, दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, करनाल, कुरूक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, रोहतक, दिल्ली शाहदरा, फरीदाबाद, पलवल।	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	हेडरेस्ट कवर	ट्रेन नंबर 22439/40, 22435/36, 22447/48, 22469/70 और 22425/26	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-2026-5	आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (EMR)	नई दिल्ली, आनंदविहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली रेलवे स्टेशन पर।	प्रारंभ होने का समय: 26.11.2026 को 11:00 बजे

वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जी, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3922/2026

थाना सै. 8 जिला फरीदाबाद।

ईस्तेहार मृतक लाश



आपको सूचित किया जाता है आज दिनांक 02.11.2026 को E.R.V से फोन आया कि एक नाम पता ना मालूम व्यक्ति की नाश बाटा चौक के शराब के ठेके के पीछे मलाड कालोनी के पास लावारिस अवस्था में मिली है जो दिनांक 02.11.2026 को नाम पता ना मालूम मृतक व्यक्ति की नाश को शिनाख्त हेतु सिविल हस्पताल बी. के. फरीदाबाद में रखवाया गया है।

मृतक व्यक्ति का हुलिया इस प्रकार से है रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, दाई आंख के उपर तिल का निशान कद 5 फुट 6 ईंच उम्र 62 साल है। जिसने काले कलर का लोवर व लाल कलर की टिशर्ट पहने है। मृतक के बारे किसी के पास कोई सूचना हो तो प्रबंधक थाना सै. 8 फरीदाबाद को सूचित किया जावे।

प्रबंधक अफसर - 9582200134
I/O HC राहुल कुमार 9332333339

हस्ता/-प्रबंधक अफसर
थाना से. 8 फरीदाबाद
दिनांक 02.11.2026

पीआरडीएच-1084/11/5588/2027/50883/88/6 दि. 10.11.26

थाना मुजेसर जिला फरीदाबाद

मुकदमा नं. 339 दिनांक 15.08.2026 धारा 127 (6) BNS थाना मुजेसर फरी0



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सन्तोष सिंह पुत्र गनेश सिंह निवासी मकान नं. 638/40 गली नं. 58 नियर राजपुत स्कुल संजय कॉलोनी सैक्टर-23 फरीदाबाद दिनांक 26.06.2026. को समय करीब 09.00 PM पर अपने घर से बिना बताए अपनी मर्जी से कहीं चला गया जिसने नीले व सफेद रंग की शर्ट वा नीले रंग का लोवर वा पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए हैं जिसका रंग सांवला लम्बुतरा चेहरा पतला शरीर कद 5 फुट 6 ईन्च वा उम्र 38 साल है।

जिसके बारे में किसी को सूचना मिले तो निम्न नम्बर पर सूचित करें।

प्रबन्धक अफसर थाना मुजेसर फरी.---9582200131
थाना मुजेसर फरी.----0129-2232610
मुख्य सिपाही भरत सिंह नं. 2116

पीआरडीएच-1084/11/5585/2027/50880/88/6 दि. 10.11.26

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुमांत खान, पताः नजफगढ़ रोड, नाफे राठी वाली गली, शिव मंदिर के पास, बहादुरगढ़, हरियाणा** ने **Ct. Case 20810/24, पुलिस थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कुमांत खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कुमांत खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तागील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct. Case 20810/24, पुलिस थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली** के अभियुक्त **कुमांत खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री राहुल कटारे
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06, दक्षिण–पश्चिम
DP/16057/DW/2026 कमरा नं. 514, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 228 दिनांक. 06.11.26 धारा 127(6)BNS 2023 थाना लाखन माजरा रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे –



नाम - मुकेश
पिता/पति- पुत्र रामप्रसाद
पता - निवासी गाँव घडावठी जिला रोहतक
उम्र- 52 वर्ष
कद - 5 फुट 4 ईच
हुलिया. - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, सिर पर सफेद बाल

दिनांक 02.11.26 को- मुकेश पुत्र रामप्रसाद गाँव घडावठी जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना लाखनमाजरा रोहतक- 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247894,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना लाखनमाजरा रोहतक- 9034690690

डी.डी न. 05 दिनांक 07.11.26 धारा 194 BNSS थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक।

अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम – नामालूम
पता - नामालूम।

दिनांक 07.11.26 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश कसाई चौक जिला रोहतक में मृत अवस्था में अज्ञात कारण से मिली थी। जिसने काले रंग की शर्ट, धारीधार काले रंग की पेंट व काली बैल्ट पहने हुआ है। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक – 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100,7082999200

पीआरडीएच-1084/11/5589/2027/50897/88/6 दि. 10.11.26

खबर संक्षेप

कुरुक्षेत्र के युवक की अमेरिका में मौत, डंकी रूट से गया था

कुरुक्षेत्र। बाबैन क्षेत्र के गांव गुहन निवासी करीब 39 वर्षीय युवक मनीष की अमेरिका में हार्ट अटैक से मौत हो गई। मनीष 21 दिसबर 2021 में लगभग पांच साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था। वह कैलिफोर्निया के बेकर्स फील्ड में रहकर गाड़ी चलाने का काम करता था। 6 नवंबर को उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई थी, जिसे उसने फोन पर बताया था। अब उसके शव को भारत लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मनीष के बड़े भाई कंवरपाल ने बताया कि परिवार ने उसे अमेरिका भेजने के लिए करीब 45 लाख रुपये खर्च किए थे। इस रकम का इंतजाम करने के लिए कुछ पैसे जानकारों से भी लिए गए थे। अमेरिका में रह रहे मनीष के दोस्त व जानकार शव को दिल्ली भेजने की प्रक्रिया करवा रहे हैं। कंवरपाल ने सरकार से मांग की मनीष का शव भारत लाने में उनकी मदद करें।



बाल विवाह के खिलाफ छेड़ा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान

चंडीगढ़। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 27 नवंबर, 2024 को 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की गई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 27 नवंबर को बाल, प्रारंभिक एवं जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में नामित किया गया है। भारत के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 2024 में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत भी की गई थी। इस दिवस के प्रति जागरूकता और अभियान की गति को निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता मॉड्यूल को 21 अक्तूबर से 21 दिसंबर, 2026 तक पुनः संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर अहीर समाज ने किया प्रदर्शन

गुरुग्राम। संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की अगुवाई में बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग एकत्रित होकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने वहां जमकर नारेबाजी की और रोष व्यक्त करते हुए बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और राजनीतिक विश्लेषक प्रो. संगीत रागी के खिलाफ तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और प्रो. संगीत रागी के खिलाफ नारेबाजी की। समाज के लोगों का कहना है कि सार्वजनिक मंचों और राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण और यादव समुदाय पर की गई अमर्यादित टिप्पणियों ने करोड़ों सनातन धर्मियों और अहीर समाज के गौरव को ठेस पहुंचाई है। मोर्चा के अध्यक्ष अरूण यादव ने कहा कि हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र सहित पूरे देश के यादव समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। भगवान श्रीकृष्ण का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सिरसा में बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड वाहन, लापरवाही से बुझे 3 घरों के चिराग

तूड़ी से भरी बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई कार, तीन युवकों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के गांव नहराना के पास सोमवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, टियागो कार भट्टू की तरफ से नाथूसरी चौपटा की ओर आ रही थी। जब कार गांव नहराना के पास पहुंची तो सड़क पर तूड़ी से भरी बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्राली से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार संदीप पुत्र सूबे सिंह निवासी पीली मंदोरी और कुलदीप पुत्र ओमप्रकाश निवासी ढाणी गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल नरेश पुत्र रणबीर निवासी किरतान, जिला हिसार को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा पहुंचाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। नाथूसरी चौपटा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव सिरसा के सामान्य अस्पताल में भेज दिया है। वहीं नरेश के शव का अग्रोह मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम होगा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।



सिरसा। हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार।

फैक्टरी में साथ काम करते थे साढ़ू

कुलदीप व उसका साढ़ू नरेश कुमार पीली मंदोरी की संवारिया एग्रो फैक्ट्री में कार्य करते थे। कुलदीप ऑपरेटर के पद पर कार्य करता था। उसकी पीलीमंदोरी निवासी संदीप से दोस्ती थी। तीनों ही कार में सवार होकर चौपटा की तरफ आ रहे थे।

मंदिर गए दो दोस्तों की नई बाइक फिसली, अस्पताल में तोड़ा दम

फरीदाबाद। तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो दोस्तों की हादसे में मौत हो गई। एक दोस्त ने 2 दिन पहले ही नई बाइक खरीदी थी और वह घूमने निकले थे। सेक्टर-46 के पास तेज रफ्तार के कारण बाइक फिसल गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान पल्ला की शिव कॉलोनी निवासी रोहित और उसके दोस्त विशेष उर्फ गोलू के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 22 से 23 साल थी। परिजनों ने बताया कि रोहित ने दो दिन पहले धनतेरस पर नई बाइक खरीदी थी। इसी खुशी में सोमवार शाम को वह अपने दोस्त विशेष और दो अन्य दोस्तों वसीम व विशाल के साथ परसोन मंदिर घूमने गया था। शाम को चारों दोस्त वापस लौट रहे थे। रोहित और विशेष नई बाइक पर सवार थे, जबकि वसीम और विशाल दूसरी बाइक पर थे। सेक्टर-46 के पास तेज रफ्तार के कारण रोहित की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। दोनों युवक सड़क पर गिरकर काफी दूर तक घिसटते चले गए। हेलमेट नहीं पहनने के कारण उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। पीछे आ रहे वसीम और विशाल ने उन्हें घायल अवस्था में देखा और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक, रोहित और विशेष एनएचपीसी चौक के पास स्थित एक फैक्ट्री में क्वालिटी चेकर के तौर पर काम करते थे। दोनों काफी समय से साथ काम कर रहे थे और अक्सर एक साथ ही फैक्ट्री आते-जाते थे। हादसे के बाद परिवारों में मातम पसरा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

घर से बुलाकर ले गए दो युवक, खेत में की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव ताजपुर में पुरानी रंजिश के चलते कैंटर चालक की हत्या का मामला सामने आया है। सोमवार शाम घर से बुलाकर ले जाए गए मुकेश (36) का शव मंगलवार सुबह गांव के खेतों में मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे और चेहरा खून से लथपथ था। घटनास्थल पर शव के पास बांस का डंडा भी मिला है। मृतक के भाई ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।



मृतक मुकेश

मृतक के भाई टिंकू ने मुरथल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई मुकेश सोमवार शाम करीब सात बजे घर पर था। इसी दौरान गांव के पवन और मिक्कू उर्फ महावीर उसे अपने साथ बुलाकर ले गए। देर रात तक मुकेश घर नहीं लौटा तो परिवार ने उसकी तलाश की। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने रामपाल के खेत में उसका शव पड़ा देखा और परिवार को सूचना दी। टिंकू ने आरोप लगाया कि करीब एक माह पहले मुकेश की पवन और मिक्कू के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। उस दौरान दोनों ने उसके भाई को जान से मारने की धमकी भी दी थी। सूचना मिलने पर मुरथल थाना पुलिस और एसीपी जसपाल सिंह मौके पर पहुंचे। एफएसएल और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शुरुआती जांच में सिर पर डंडे से वार कर हत्या किए जाने की आशंका है। वहीं, मुकेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसकी पत्नी मंजू और चार बच्चों शंकर, प्रिया, प्रियांशी और सावन का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में अब चारों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। गांव में भी शोक का माहौल है। इस मामले में एसीपी जसपाल सिंह ने बताया कि खेत में युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने जांच की थी। सिर पर चोट के निशान मिले हैं और पास से डंडा बरामद हुआ है। परिवार की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

परिवार पर हमले में टोल पर 15 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के बिजवासन टोल प्लाजा पर कार सवार फैमिली को पीटने का भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कड़ा संज्ञान लिया है। मंगलवार को एनएचएआई ने टोल संचालन करने वाली कांट्रैक्ट कंपनी मेसर्स रिद्धि सिद्धि एसोसिएट्स पर लापरवाही और कर्मचारियों के हिंसक व्यवहार के लिए 15 लाख का भारी जुर्माना लगाया है। साथ ही कंपनी को 'शो कॉज नोटिस' जारी कर पूछा- क्यों न आपको ब्लैकलिस्ट कर दिया जाए।



गुरुग्राम। बूम बैरियर से हमला करता टोल कर्मचारी।

सोमवार को इस मामले का वीडियो सामने आया था, जिसमें टोल कर्मी परिवार के दो पुरुषों और एक महिला को बेरहमी से पिटाई करते दिखाई दे रहे थे। परिवार के सदस्य बचने के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन कर्मचारी उन पर बूम बैरियर से लगातार वार करते रहे। दिल्ली की कापसहेड़ा थाना पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने टोल प्लाजा पहुंचकर वहां लगे कैमरों की फुटेज खंगाली है। जारी नोटिस में बताया गया कि बिजवासन टोल प्लाजा पर हुई यह घटना पांच नवंबर की है।

विवाद की शुरुआत ब्लैकलिस्टेड फास्टैग से टोल शुल्क के भुगतान करने को लेकर हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भले ही विवाद की शुरुआत वाहन के ब्लैकलिस्टेड फास्टैग और टोल भुगतान को लेकर हुई थी, लेकिन टोल कर्मियों को कानून हाथ में लेने या यात्रियों पर हमला करने का कोई अधिकार नहीं है।

एनएचएआई ने अपने बयान में कहा है कि इस मामले में आगे की सभी कार्रवाई दोनों पक्षों के बीच हुए अनुबंध समझौते के कड़े प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ करने वाली किसी भी एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा।

मानवाधिकार आयोग ने थानों के मालखानों की समीक्षा के दिए निर्देश

32 हथियारों की चोरी के बाद सुरक्षा पर उठे थे सवाल

चंडीगढ़। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने फरीदाबाद के सेक्टर-8 पुलिस थाने के मालखाने से 32 लाइसेंसी हथियार चोरी होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य के सभी पुलिस थानों में मालखानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने 2 नवंबर 2026 को पारित आदेश में पुलिस महानिदेशक, हरियाणा को निर्देशित किया है कि वे इस घटना के दृष्टिगत राज्यभर के पुलिस थानों में हथियारों की सुरक्षित अभिरक्षा, मालखानों तक पहुंच और निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करें। यह मामला अधिवक्ता गीतांजलि, निवासी पंचकूला द्वारा 16 जुलाई 2026 को आयोग के समक्ष दायर शिकायत के माध्यम से उठाया गया था।

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि एक अप्रेंटिस द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलीभगत करके 32 लाइसेंसी हथियारों को पुलिस मालखाने से बाहर निकालने की घटना अत्यंत चिंताजनक है। हालांकि थाने में तैनात अप्रेंटिस मोनू सहित कुल 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और हथियार बरामद हो गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 जनवरी 2027 को गुरुग्राम स्थित न्यू पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस (बी एंड आर) में आयोजित कैम्प कोर्ट में निर्धारित की गई है।

एक ही रात में 5 कारों के शीशे तोड़कर चोरी

गुरुग्राम। पॉश कॉलोनी पालम विहार में चोरों ने एक ही रात में पांच कारों के शीशे तोड़कर नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। शिकायत में बताया गया कि, देर रात घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे पत्थर या कटर से तोड़कर डैशबोर्ड व सीटों पर रखा कैश, लैपटॉप, म्यूजिक सिस्टम और अन्य कीमती सामान चुराया गया है। कॉलोनी के ब्लॉक-डी के पॉकेट-डी में सबसे ज्यादा नुकसान है। नागरिकों ने बताया कि तीन दिनों के भीतर चोरों ने अलग-अलग जगहों से इसी तरह वारदात को अंजाम देते हुए करीब 42 कारों को निशाना बनाया है।

अंबाला व सोनीपत के 17 गांव शामिल

सूबे में औद्योगिक कॉरिडोर बनाने की तैयारी तेज

- उद्योग यूनिट लगाने और निर्माण करने से पहले अनुमति लेनी अनिवार्य होगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश सरकार औद्योगिक कॉरिडोर बनाने की तैयारी में है। इस क्रम में 17 गांवों की जमीन उपयोग को लेकर नियमों में संशोधन किया गया है। अहम बात यह है कि इन गांवों में अब आने वाले वक्त में कोई भी उद्योग यूनिट लगाने और निर्माण करने से पहले अनुमति लेनी अनिवार्य होगी। इसके अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र तीन घोषित कर दिया गया है। अगर बिना स्वीकृति के निर्माण हुआ तो उस पर कार्रवाई होगी। जानकारी अनुसार 17 गांव अंबाला और सोनीपत जिलों के हैं। इस संबंध में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग की ओर से इस बारे में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। बताया गया है कि इन गांवों की जमीन को सरकार की योजना के हिसाब से प्रयोग में लाया जाएगा। नगर ग्राम ओयजना विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 17 गांवों पर फैसला हरियाणा अनुसूचित एवं सड़क नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम 1963 की धारा 4 एक के तहत लिया गया है। इस क्रम में सोनीपत जिले के गन्नौर के 8 गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों में माजरा, पिनाना, पुगथला, ततारपुर, नैना सालारपुर, शामड़ी सीसन, बाजारकला बजाना खुर्द, शामड़ी लोचब बैनन को शामिल किया गया है। वैसे, गांवों की पूरी जमीन इसमें नहीं ली है। संबंधित विभाग की ओर से तैयार किए नक्शे में दर्शाए गए क्षेत्र को लिया गया है।

अंबाला के 9 गांव

अंबाला जिले के 9 गांवों को भी नियंत्रित क्षेत्र में शामिल किया गया है। इन गांवों की बात करें, तो यह अंबाला में साहा के आसपास का एरिया है। इनमें सादिरपुर, कलाल माजरा, मगरपुरा, मलाकपुर, महमूदपुर, फतेपुर, साहा, लाहा व नग्गल क्षेत्र की निर्धारित जमीन का उपयोग होगा। नक्शे में निर्धारित जमीन ही नियंत्रित क्षेत्र में आएगी।

शादी में डीजे बंद करने पर विवाद में दो युवकों को चाकू मारे

पानीपत। सिवाह गांव में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। घायल पक्ष के गौरव के अनुसार उसके भाई रविंद्र की शादी में रात अधिक होने के कारण परिवार ने डीजे बंद करवा दिया था। आरोप है कि इसके बाद गांव के 10-12 युवक दोबारा डीजे चलाने की जिद करने लगे। मना करने पर उन्होंने लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया तथा महिलाओं से भी धक्का-मुक्की की। हमले में अमरदीप के सिर पर चाकू से वार किया गया, जिसे गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। संजय की बगल में चाकू लगे, जबकि मुकेश का हाथ टूट गया।

घटना के दौरान समारोह में अफरा-तफरी मच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और श्लोक उर्फ सरपंच को पकड़ लिया। घायल पक्ष ने रोहित, पप्पू उर्फ रोहित, श्लोक उर्फ सरपंच, उसके भाई समेत अन्य युवकों पर हमले का आरोप लगाया है। थाना सेक्टर 29 पुलिस मामले की जांच कर रही है।



रोष सफाई कर्मियों की हड़ताल के दौरान सामने आया था विवाद

कूड़े में भाजपा का झंडा : कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर दर्ज केस में एसपी से मिले अधिवक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) प्रदीप गुलिया जोगी के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे को लेकर अधिवक्ताओं में रोष देखने को मिल रहा है। मंगलवार को अधिवक्ताओं का एक दल भिवानी पुलिस अधीक्षक से मिला। इस केस को एक झूठा और राजनीतिक द्वेष के तहत दर्ज कराया गया मुकदमा बताया है। बता दें कि करीब दो महीने पहले भिवानी में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी। उस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) प्रदीप गुलिया जोगी ने सफाई कर्मचारियों के समर्थन में धरना में भाग लिया था। आरोप है कि इस दौरान कूड़े के ढेर पर पड़े भाजपा के झंडों को उठाकर वहीं कूड़े पर लगा दिया गया था। इस घटना के वायरल वीडियो में प्रदीप गुलिया जोगी यह कहते हुए नजर आ रहे थे कि उनका मकसद किसी पार्टी को ठेस पहुंचाना या झंडे का अपमान करना नहीं है, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों को जगाना है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इसी वीडियो के आधार पर भाजपा आईटी सेल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे अधिवक्ताओं ने कहा कि इस मुकदमे में जो धाराएं जैसे शांति भंग करना, दंगा भड़काना या विशेष समुदाय को ठेस पहुंचाना लगाई गई हैं, वे पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

सिविल लाइन एसएचओ से करवाएंगे जांच



पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि वे इस पूरे मामले की जांच सिविल लाइन एसएचओ से करवाएंगे। इस प्रतिनिधिमंडल और मुलाकात के दौरान पूर्व प्रधान अधिवक्ता सत्यजीत पिलानिया, दीपेश सारसर, मुकेश जांगड़ा, मुकेश गुलिया के अलावा सुधीर खनगवाल, जसवंत राय, अनिल साहु, रवि राय, शुभेंद्र तंवर, राजेश सम्रवाल, श्रीकांत परमार, कृष्ण मलिक, अजय भुक्कल, योगेंद्र भालोठिया, अतुल नागर, भूपेंद्र खटक और अजय यादव सहित अनेक गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज का लाभ 42.7% बढ़ा

कोलकाता। इस्पात बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 42.7 प्रतिशत बढ़कर 21.62 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी ने 15.15 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय 33 प्रतिशत बढ़कर 195.42 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 146.96 करोड़ रुपये थी।

सीईएससी के मुनाफे में 2.2 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। बिजली वितरण कंपनी सीईएससी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई- सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटकर 438 करोड़ रुपये रह गया। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 448 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

बजाज फाइनेंस ने 5,799 करोड़ के वारंट किए जारी

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने अपनी प्रवर्तक कंपनी बजाज फिनसर्व को तरजीही आधार पर 5,799 करोड़ रुपये के 5.74 करोड़ वारंट जारी किए। बजाज फाइनेंस ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक विशेष समिति ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के तहत प्रवर्तकों को 1,010 रुपये प्रति वारंट के निर्गम मूल्य पर 5,74,25,740 वारंट जारी करने को मंजूरी दी है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने स्वत: जांच की पहल की

डीजीटीआर ने चार देशों से एल्यूमीनियम उत्पादों की कथित डंपिंग की जांच शुरू की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन, मलेशिया, वियतनाम और थाईलैंड से एल्यूमीनियम उत्पादों की कथित डंपिंग के खिलाफ स्वतः पहल करते हुए जांच शुरू की है। भारत इन देशों से होने वाले सस्ते आयात से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की इकाइयों को बचाना चाहता है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। आमतौर पर, घरेलू उत्पादकों की ओर से आवेदन दाखिल किए जाने के आधार पर व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) डंपिंग-रोधी जांच शुरू करता है। हालांकि, उद्योगों के पास अक्सर व्यापार उपचार जांच के लिए जरूरी जानकारी एवं विशेषज्ञता नहीं होती है। ऐसे में निदेशालय स्वतः पहल कर इन मामलों की जांच करता है।

जांच चीन मलेशिया वियतनाम और थाईलैंड के खिलाफ

सरकार सस्ते आयात से एमएसएमई की इकाइयों को बचाना चाहती है

डीजीटीआर को एलेमाई से मिला आवेदन

डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, उसे एल्युमीनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एलेमाई) से अभ्यावेदन मिले हैं। यह संगठन 'एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रोफाइल, स्ट्रक्चर और उत्पादों' के 228 विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है। महानिदेशालय ने कहा कि डंपिंग के जरिये आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है।



जांच के दायरे में ये उद्योग आएंगे

जांच के दायरे में आने वाले उत्पादों का इस्तेमाल औद्योगिक, परिवहन, बिजली और इंजीनियरिंग से जुड़े कई क्षेत्रों में होता है। इनमें खिड़कियां, दरवाजे, पर्दे की दीवारें, विभाजन, रेलिंग और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े प्रोफाइल, औद्योगिक फ्रेमिंग, सौर ऊर्जा संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाली माउंटिंग संरचनाएं, सीढ़ियां, फर्नीचर, रसोई और अलमारी के प्रोफाइल तथा साइकिल के पुर्जे शामिल हैं।

उद्योगों के नुकसान की भरपाई हो सके

साथ ही, वह डंपिंग-रोधी शुल्क की ऐसी राशि लगाने की सिफारिश करेगा, जिससे घरेलू उद्योग को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। यदि यह साबित होता है कि इन उत्पादों की डंपिंग से घरेलू कंपनियों को गंभीर नुकसान हुआ है, तो डीजीटीआर इन आयातों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। वित्त मंत्रालय ही डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने पर अंतिम निर्णय करता है।

जवाबी कार्रवाई के तौर पर लगाया जाता है शुल्क

देश यह पता लगाने के लिए डंपिंग-रोधी जांच करते हैं कि क्या सस्ते आयात में अचानक वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। इसकी जवाबी कार्रवाई के तौर पर वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। इस शुल्क का उद्देश्य व्यापार की निष्पक्ष प्रक्रियाएं सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों को विदेशी उत्पादकों एवं निर्यातकों के मुकाबले समान अवसर उपलब्ध कराना है।

भारतीय एयरलाइंस की हिस्सेदारी घटी

देश में वैश्विक हवाई यात्रियों की संख्या 6.1 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 6.1 प्रतिशत बढ़कर 7.87 करोड़ हो गई, जबकि भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी एक साल पहले के 45.7 प्रतिशत से घटकर 44.4 प्रतिशत रह गई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की तरफ से जारी 'नागर विमानन सांख्यिकी पुस्तिका 2025-26' के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात में विदेशी एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी 55.6 प्रतिशत रही। देश में कुल हवाई यात्री यातायात 2.7 प्रतिशत बढ़कर 24.61 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 23.97 करोड़ था। इसमें घरेलू हवाई यातायात 1.1 प्रतिशत बढ़कर 16.74 करोड़ और अंतरराष्ट्रीय यातायात 6.1 प्रतिशत बढ़कर 7.87 करोड़ रहा। अंतरराष्ट्रीय यातायात के आंकड़ों में भारत आने और यहां से विदेश जाने वाले, दोनों तरफ के यात्री शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2015-16 से 2025-26 के दौरान घरेलू यात्री यातायात में सालाना औसतन सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात की वृद्धि दर 4.6 प्रतिशत रही।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या: JMP-ELECT-92-2026, दिनांक: 07.11.2026। उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर कार्यशाला द्वारा **निविदा संख्या: JMP-ELECT-92-2026,** के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 08.12.2026 को 15:00 बजे। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के संबंध में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। **कार्य का नाम:** मुंगेर पोर्टन में नए बजरे का प्रावधान (आकार: 56 मीटरx12 मीटरx2 मीटर)। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹5,51,25,000.02/, **बयाना राशि:** ₹11,02,500.00/-, **निविदा दस्तावेज का मूल्य:** शून्य, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 24.11.2026 बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन बोली लगाने की प्रक्रिया तथा संबंधित नियमों एवं विनियमों की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। MISC-266/2026-27

निविदा सूचना निम्नलिखित वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है: www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें लाइक करें: @Eastern Railway @easternrailwayheadquarter

COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

Sh. Sagar Sharma

Civil Judge (Junior Division), Ganaur

Lenskart Solutions Limited

Vs.

Nirmala Devi etc.

Civil Suit No. 313 of 2026

CNR No. HRSOA0-000417-2026

Next Date : 22.12.2026

Suit for permanent Injunction, Mandatory Injunction and Protection of lawful Possession

PUBLICATION ISSUED TO :-

1. Nirmala Devi

2. Ankit Singh

H.No. 478/2, Ward No. 2, Anup Nagar, Ganaur District Sonipat, Haryana 131001.

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **22.12.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat**

Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur

Dated, this day of 10.11.2026

COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

Sh. Sagar Sharma

Civil Judge (Junior Division), Ganaur

Jai Bhagwan

Vs.

Baljeet

Civil Suit No. 14 of 2019

CNR No. HRSOA0-000023-2019

Next Date : 15.12.2026

It is therefore prayed that a judgment and decree for possession by way of specific performance of the agreement to sell dated 25.10.1999 in respect of property measuring 100 sq yards comprised in khewat no.81//45 which is shown in red colour and marked by letters ABCD in the site plan attached with the plaint.

PUBLICATION ISSUED TO :-

1. Baljeet son of Prem Raj (Since deceased) through his Lrs. (iv) Kali D/o Late Sh. Baljeet (since deceased) through her Lrs. Nikhil and Nitin son of Suresh Both resident of Village Bhanwar, Tehsil Ganaur, Sonipat.

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.12.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat**

Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur

Dated, this day of 10.11.2026

मुथूट फाइनेंस ने स्वच्छता सुविधाओं के लिए एक करोड़ की नई पहल की घोषणा की

नई दिल्ली। मुथूट फाइनेंस लिमिटेड ने उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के उन्नयन के लिए एक करोड़ रुपये की नई पहल की घोषणा की है। इसके साथ ही, कंपनी ने अपने पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय एम. जी. जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती के अवसर पर समुदाय के कल्याण से जुड़ी 11 नई परियोजनाओं की भी शुरुआत की। मुथूट ग्रुप के प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने मुथूट ग्रुप के कॉरपोरेट ऑफिस नॉर्थ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सीएसआर परियोजनाओं की घोषणा की। इस एक करोड़ रुपये की प्रमुख स्वच्छता पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों, विशेषकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करना है। इस पहल के तहत मुथूट फाइनेंस प्रत्येक स्कूल में एक से चार तक उपयोगी शौचालय इकाइयों का निर्माण या नवीनीकरण करेगा। इस परियोजना में स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता और मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से छात्राओं की स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाना है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस पहल के अंतर्गत मुथूट फाइनेंस ने हाल ही में हरियाणा के करनाल जिले के पानीपत स्थित बरौली के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक नए शौचालय ब्लॉक का निर्माण पूरा कर उसका उद्घाटन किया। इससे लगभग 800 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। समुदाय के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मुथूट सीएसआर ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, सड़क सुरक्षा और दिव्यांगजनों के सहयोग जैसे क्षेत्रों में 11 लक्षित परियोजनाओं की भी शुरुआत की है। शिक्षा के क्षेत्र में इन पहलों के तहत उत्तर दिल्ली के कक्षा 8वीं और 9वीं के 100 मेधावी विद्यार्थियों को मुथूट एम. जॉर्ज एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।



पीएम ने इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स के एमडी डॉ. दीपक भोज के लिए आमंत्रित किया



नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़े और सफल कंपनियां उन दूरदर्शी लोगों द्वारा बनाई गई हैं, जिनमें अपने साहसिक सपनों को अंतरराष्ट्रीय सफलता की कहानियों में बदलने का साहस था। आज, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का एक सशक्त उदाहरण है, जो वैश्विक स्तर पर एक सम्मानित नाम बन चुकी है।वर्ष 2026 में अपनी शानदार यात्रा के तीन दशक पूरे करने के साथ, आईटीएल ने राष्ट्रीय गौरव का एक विशेष मुकाम हासिल किया है। आईटीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल को हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ओर से एक विशेष लंच के लिए निमंत्रण प्राप्त हुआ। यह भोज 27 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस, एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इफटीए व्यापार और इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट के तहत द्विपक्षीय और आर्थिक सहयोग को मजबूत करना था।लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस एच.एस.एच. एलॉइस का भारत दौरा, जिसमें यूरोप के शीर्ष उद्योगपतियों का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था, भारत और लिकटेंस्टीन के बीच तेजी से मजबूत हो रहे आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करता है। ऐतिहासिक 'भारत- व्यापार और इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट' के लागू होने के बाद, उच्च-स्तरीय चर्चाओं में मुख्य रूप से प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक तकनीक, सतत विकास और सीमा-पार व्यावसायिक निवेश जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यह अवसर एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, जिसमें डॉ. दीपक मित्तल जैसे दूरदर्शी भारतीय व्यापारिक नेताओं की उपस्थिति रही। साथ ही, इसमें निजी क्षेत्र के दूरदर्शी नेताओं की अहम भूमिका रही, जिन्होंने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने, तकनीकी साझेदारी को मजबूत करने और भारत तथा मध्य यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक मजबूत व्यावसायिक सेतु बनाने में योगदान दिया।इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. दीपक मित्तल, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा, "मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का तहे दिल से आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस, एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित इस विशेष लंच में आमंत्रित किया।

सोना 500 रुपये टूटकर 1,46,400 रुपये पर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कमजोर वैश्विक रुख और अमेरिकी डॉलर में मजबूती से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में कमजोरी के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने के भाव में गिरावट आई। डॉलर में मजबूती ने भी कीमतों पर दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि दिवाली के दौरान सोने की कमजोर लिवाली की वजह से भी इसकी कीमतों को सहारा नहीं मिल पाया।

विदेशी निवेशकों ने बाजार में लगाए 53,739 करोड़ रुपये

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार दो महीने तक निकासी के बाद नवंबर के पहले नौ दिन में ही भारतीय शेयर बाजार में 53,739 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली, घरेलू कंपनियों की मजबूत आय वृद्धि और बड़ी कंपनियों के शेयरों का आकर्षक मूल्यांकन इसकी प्रमुख वजहें रहीं। डिपॉजिटरी के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दो से नौ नवंबर के बीच छह कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 53,739 करोड़ रुपये लगाए।इससे पहले उन्होंने अक्टूबर में 34,843 करोड़ रुपये और सितंबर में 35,861 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। हालांकि, नवंबर में निवेश लौटने के बावजूद कैलेंडर वर्ष 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल शुद्ध निकासी 2.41 लाख करोड़ रुपये रही है।

- भारतीय शेयर बाजार में नवंबर के नौ दिनों में यह निवेश किया

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	पुनर्मूल्यांकन/पुनः चैकिंग और उनके सुधार हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए वेंडर्स का पैनल तैयार करना।	06.11.2026 20.11.2026	2,00,000/-	http://www.bseh.org.in	8053008826 asco@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/50894/I/88/6 दि. 10.11.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	पुराने साइक्लोन का विखण्डन और नये साइक्लोन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन।	10.11.2026 16.11.2026	20,000/-	www.vitalindia.org.in	9896401185 vitalrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/50891/I/88/6 दि. 10.11.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हैफेड	हैफेड कैटल फीड प्लांट रोहतक और एनीमल फीड प्लांट सकताखेड़ा हेतु अपेक्षित कच्चे माल की खरीद के लिए अल्प अवधि ई-निविदा सूचना का प्रकाशन।	08.11.2026 18.11.2026	24.05 लाख	www.hafed.gov.in	172290520 hafed@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/50887/I/88/6 दि. 10.11.26

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रं./3973/न.पा.नि./स्वा. शाखा/2026-27/

बीरगांव, दिनांक 07 / 11 / 2026

जेम पोर्टल बिड आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव सीमा अंतर्गत आगामी 12 माह के लिये सड़क व नाली सफाई हेतु पात्र फर्मों / सेवा प्रदाताओं से जेम पोर्टल में बिड के माध्यम से दरें आमंत्रित है। Gem Bid No. GEM/2026/B/8206542, GEM/2026/B/8247475, GEM/2026/B/8247495 and GEM/2026/B/8246469. Bid Due Date - As per Bid, Physical Submission Last Date - At least 30 minutes prior to the scheduled date and time for bid Opening. Bid Opening Date- As per Bid (Scheduled).

इच्छुक सक्षम निविदाकार नियम व शर्तें, धरोहर राशि, बैंक सार्वेसी, Key Dates इत्यादि विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे Gem Portal के माध्यम से बिड भरने की कार्यवाही कर सकते हैं।

आयुक्त

नगर पालिक निगम बीरगांव

जिला रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

FIR NO. 282 दिनांक 27.10.2026 धारा 106,281 बी.एन.एस. थाना औद्योगिक क्षेत्र बड़ी जिला सोनीपत।

नाश की पहचान

नाम- नामपता नामालूम।
पिता का नाम नामालूम।
पता- नामालूम।
उम्र- 50 वर्ष करीब।
कद- 5 फुट 6 इंच।
हुलिया: रंग गोरा, हष्ट पुष्ट शरीर, लम्बुतरा चेहरा, सिर पर काले सफेद बाल, आँखे काली, लम्बी नाक।
पहनावा:- कमर पर काले रंग की लोयर, आसमानी रंग की टी-शर्ट, आसमानी रंग का अंडर-वियर, पैरों से नंगा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.10.2026 की रात को एक नामपता नामालुम पुरुष की नाश GT ROAD पर बाल भवन स्कूल, गन्नौर के पास मेन रोड़ पर RSA में मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग / सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. न. -7419410541
अनुसंधान कर्ता मो. न.-9992481953
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-22229, 100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5590/2027/50902/88/6 दि. 10.11.26

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

शब्द पहेली - 6403

1	2		3		■	4		5	■
6		■		■	7			8	9
	■	■	10			■		■	■
11		12		■	■	13	■	14	15
	■		■	16			■		■
■	17		■		■		■	18	
■		■	19					■	20
21			■		■	22			
	■	■	23	■	24			■	
25	26	■	27			■		■	28
■	29			■	■	30			

बाएँ से दाएँ

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली-6402 का हल

■	स	ह	ज	नी	■	फि	स	ल	ना	■
अ	■	क	हा	र	■	त	न	य	■	बु
ह	क	■	न	व	■	र	म	■	फ	न
म	म	ता	■	ता	क	त	■	वा	त	क
क	र	त	ब	■	म	■	त	ल	वा	र
■	■	■	ल	ह	र	दा	र	■	■	■
ला	व	ज	मा	■	बं	■	स	ह	ल	ज
ज	त	न	■	म	द	द	■	म	ग	न
वा	न	■	क	न	■	ह	म	■	न	म
ब	■	त	म	स	■	ली	ट	र	■	त
■	मे	ह	रा	ब	■	ज	र	ब	फ्त	■



नंदीग्राम से जुड़े मामले फिर से खोले जाएंगे: अधिकारी

पूर्व वाम नेताओं पर होगी नई प्राथमिकी

'ऑपरेशन सूर्योदय' की 19वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए बंगाल के सीएम ने किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि वाम मोर्चा शासन के दौरान नंदीग्राम में हुए कथित अत्याचारों से जुड़े मामलों को उनकी सरकार फिर से खोलेगी। मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र को गहरे घाव देने वाली हिंसा के लगभग दो दशक बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पूर्व नेताओं के खिलाफ नयी प्राथमिकी दर्ज करने और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का वादा किया। उन्होंने 'ऑपरेशन सूर्योदय' की 19वीं वर्षगांठ पर गोकुलनगर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान सीआईडी द्वारा इन घटनाओं की जो जांच की गई थी, वह किसी मुकम्मल न्यायिक प्रक्रिया तक नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते इसके लिए जिम्मेदार रहे लोगों को सजा नहीं मिल पाई। 'ऑपरेशन सूर्योदय' 10 नवंबर 2007 को चलाया गया था। यह एक विवादास्पद, अत्यधिक राजनीतिक और अर्द्धसैनिक शैली का हमला था, जिसे कथित तौर पर माकपा कार्यकर्ताओं ने अंजाम दिया था। इसका मकसद नंदीग्राम पर जबरन दोबारा नियंत्रण हासिल करना था, जहां जमीन हड़पने के विरुद्ध 'भूमि उच्छेद प्रतिरोध समिति' (बीयूपीसी) के प्रदर्शन के कारण तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी की राजनीतिक पकड़ कमजोर हो गई थी। बीयूपीसी प्रभावित किसानों का एक मंच था, जिसे तृणमूल और अन्य संगठनों का समर्थन प्राप्त था। मुख्यमंत्री ने माकपा नेताओं गोघाट के अभय घोष, तलडांगरा के मनोरंजन पात्रा, गारबेटा के तपन घोष और खेजूरी के हिमांशु दास आदि का नाम लेते हुए कहा कि सीआईडी ने जांच की, लेकिन कोई मुकदमा नहीं चला। मैंने कहा है कि इसके लिए जिम्मेदार रहे लोगों के खिलाफ नयी प्राथमिकियां दर्ज की जाएंगी और मामले फिर से खोले जाएंगे।" नंदीग्राम से जुड़ी फाइल फिर से खोलने की घोषणा, पश्चिम बंगाल में वाममोर्चा के 34 साल के शासन के सबसे विवादित अध्यायों में से एक की फिर से जांच करने के लिए भाजपा सरकार की ओर से एक नयी राजनीतिक और कानूनी पहल को दर्शाती है। नंदीग्राम आंदोलन ने उस राजनीतिक लामबंदी में अहम भूमिका निभाई, जिसके चलते 2011 में राज्य में वामपंथियों का शासन खत्म हुआ।

सीएम ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों पर 'सुनियोजित हमले' करने के लिए इलाके के बाहर से काले कपड़े पहने सशस्त्र समूहों को लाया गया था



■ सीएम की चेतावनी इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

2007 हिंसा को किया याद

नवंबर 2007 की हिंसा को याद करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि 11 लोगों का अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि उनके हाथ पीछे बांध दिए गए और उन्हें बराताला इलाके के एक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखा गया। उन्होंने दावा किया कि इसके बाद उन्हें कमारदा ले जाया गया, जहां माकपा के एक कार्यालय में उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। उन्होंने दावा किया कि बाद में उनके शवों को बोरियों में भरकर समुद्र में फेंक दिया गया था।

ब्रेस्ट कैंसर से जंग और पहला बच्चा खोने का दर्द समेत कई राज खोले

सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' में जिंदगी की कहानी बयां की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा 'बिलोंगिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में अपने जीवन के सबसे गहरे व्यक्तिगत दुखों और संघर्षों का खुलासा किया है। इस किताब में उन्होंने पहली बार साल 2011 में ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) से गुप्त जंग और अपने पहले बच्चे को समय से पहले (प्री-मैच्योर) जन्म देने के बाद खोने के दर्द को बयां किया है।

जीवन के एक और बड़े आघात का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने पहले बच्चे को समय से पहले जन्म दिया था। जन्म के कुछ समय बाद ही वह बच्चा जीवित नहीं रह सका। एक मां के तौर पर इस असहनीय नुकसान के दर्द को उन्होंने इतने सालों तक अपने दिल में समेटकर रखा। यह संस्मरण उनके सार्वजनिक राजनीतिक जीवन से अलग, उनके एक मां और महिला के रूप में छिपे हुए संघर्षों, अत्यधिक मानसिक व शारीरिक पीड़ा और कठिन दौर में परिवार के साथ को सामने लाता है।

राजनीतिक संघर्ष व परिवार का दर्द साझा किया

सोनिया ने राहुल के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के समय का जिक्र करते हुए बताया कि पार्टी के कुछ पुराने नेताओं ने उनके नेतृत्व को लेकर प्रतिरोध किया। राहुल के स्पष्टवादी विचारों से कुछ नेता असहमत थे। सोनिया ने लिखा कि राहुल को सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा, जिसे देखकर उन्हें दुख होता था। सोनिया ने राहुल और प्रियंका की सुरक्षा को लेकर चिंताओं का भी जिक्र किया। जब राहुल और प्रियंका को सरकारी आवास खाली करना पड़ा, तो यह उनके लिए एक बहुत कठिन क्षण था।

एपीजे अब्दुल कलाम की यादें

सोनिया ने अब्दुल कलाम के साथ हुई बातचीत का भी उल्लेख किया। कलाम ने उन्हें बताया था कि कई लोगों ने उनसे कहा था कि सोनिया को प्रधानमंत्री न बनने दिया जाए। यह बात सोनिया के लिए बड़ा झटका थी। इस बातचीत ने उन्हें अराजनीतिक यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

1984 के सिख दंगों का जिक्र

सोनिया ने 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया। राजीव गांधी ने उस समय शांति बनाए रखने की अपील की थी। राजीव ने कहा था कि हिंसा की कोई भी घटना इंदिरा गांधी की आत्मा को दुख पहुंचाएगी। यह घटना उनके परिवार के लिए एक गहरी छाप छोड़ गई थी।

संजय गांधी का बचाव

सोनिया ने अपनी किताब में संजय गांधी का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि भले ही संजय लापरवाह रहे हों, लेकिन वह कायर नहीं थे। उनके खिलाफ नफरत का माहौल इतना बढ़ गया था कि परिवार को उनकी जान की चिंता सताने लगी थी। यह बात सोनिया के लिए बहुत कठिन थी, क्योंकि परिवार के सदस्य हमेशा एक-दूसरे के लिए खड़े रहते हैं।

'गोवर्धन पूजा': मोदी ने बछड़ों को चारा खिलाया



नई दिल्ली। पीएम मोदी 'गोवर्धन पूजा' के त्योहार पर बछड़ों को चारा खिलाया।

पीसीएस मेंस रिजल्ट विवाद स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| लुधियाना

- पीपीएससी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे छात्र
- इंटरव्यू पर रोक की मांग, जांच करवाई जाए

पीसीएस मेंस रिजल्ट विवाद के बीच पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन (पीपीएससी) ने इंटरव्यू के लिए सिलेक्ट हुए स्टूडेंट्स के डॉक्यूमेंट स्क्रूटनी का शेड्यूल जारी कर दिया है।

वहीं दूसरी तरफ रिजल्ट पर सवाल उठा रहे स्टूडेंट्स ने पटियाला में पीपीएससी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। स्टूडेंट्स की पीपीएससी से मांग कर रहे हैं कि इंटरव्यू प्रक्रिया को रोककर इस मामले की जांच करवाई जाए। स्टूडेंट्स के धरने में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनुज खोसला पहुंचे और उन्होंने स्टूडेंट्स को भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे पर अगर सीएम आवास घेरना होगा तो भाजयुमो उनके साथ है। स्टूडेंट्स की कानूनी टीम हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए वकीलों के साथ मीटिंग कर रही है

कोलकाता में ममता बनर्जी के घर पहुंची दिल्ली पुलिस, नोटिस दिया



बंगाल के पूर्व सीएम आरोपी नहीं, वे पीड़ित

13 साल पुराने योजना भवन हंगामे से जुड़ा केस

कोलकाता। दिल्ली पुलिस का एक कर्मी बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता के कोलकाता स्थित आवास 30बी, हरीश चटर्जी स्ट्रीट पर पहुंचा। संसद मार्ग थाने के कर्मचारी ने नोटिस दिया। दरअसल, इस केस में ममता आरोपी नहीं, बल्कि बतौर गवाह/पीड़ित बुलाई गई हैं। पुलिस किसी भी व्यक्ति को जिसे केस के बारे में जानकारी हो, बयान देने के लिए थाने बुला सकती है।दिल्ली के योजना भवन में प्लानिंग कमीशन का दफ्तर था। ममता यहां बंगाल के सालाना प्लान के लिए मीटिंग करने के लिए वित्त मंत्री अमित मित्रा के साथ गई थीं। एसएफआई और सीपीआईएम के करीब 125-150 कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। ये लोग कोलकाता में एसएफआई नेता सुदीप्तो गुप्ता की पुलिस हिरासत में मौत का विरोध कर रहे थे।

आगरा में दौड़ती डबल डेकर बस में लगी आग, मची अफरातफरी



फतेहाबाद (आगरा)। इनर रिंग रोड पर सोमवार देर रात बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस में अचानक आग लग गई। चलते वाहन से आग की लपटें उठती देख अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि बस में कोई सवारी नहीं थी। बस में मौजूद चालक और दोनों कंडक्टर ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। सोमवार रात करीब 12 बजे कंट्रोल रूम को डबल डेकर बस में आग लगने की सूचना मिली। बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। इनर रिंग रोड पर थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में चलते समय अचानक बस में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख चालक और दोनों कंडक्टर बस से बाहर निकल आए। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में चालक और दोनों कंडक्टर सुरक्षित हैं। कोई जनहानि नहीं हुई।

पंजाबः आप नेता ने भाई की हत्या की



जमीन विवाद में वारदात

अमृतसर। अमृतसर में पत्नी की पिटाई करने और उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने पर भड़के आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने अपने सगे भाई की गोलियां मार हत्या कर दी। सुबह करीब साढ़े 11 बजे हत्या करने के बाद उसने अपने जीजा को फोन किया। उसने जीजा को कहा कि मैंने भाई को मार दिया, उसकी लाश घर में पड़ी है। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। पुलिस पहुंची तो उसकी लाश किचन में पड़ी हुई थी। अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मामला अमृतसर के हलका अटारी में मजीठा रोड स्थित गांव पंडोरी वड़ैच का है। किरणप्रीत सिंह कैमी और उसके छोटे भाई सिमरदीप सिंह के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर पिछले दो साल से विवाद चल रहा था।

दवाइयों की अवैध रूप से आपूर्ति करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, चार काबू

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर अवैध रूप से दवाओं की आपूर्ति करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से अल्प्राजोलम और ट्रामाडोल की 21 हजार से अधिक गोलियां और कैप्सूल बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार, अपराध शाखा ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में कई चरणों में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। अपराध शाखा की टीम ने 31 अक्टूबर को सबसे पहले मुनेश कुमार गुप्ता (44) और अखिलेश मिश्रा (46) को निगम बोध घाट के पास मोटरसाइकिल पर दवाएं ले जाते हुए पकड़ा था और तलाशी के दौरान उनके पास से 10 किग्रा से अधिक वजन की 16,380 गोलियां और कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर उनके कथित आपूर्तिकर्ता वीरेंद्र कुमार उर्फ हीरो (48) को मादीपुर से गिरफ्तार किया।

अल्प्राजोलम और ट्रामाडोल की 21 हजार से अधिक गोलियां और कैप्सूल बरामद

कोलकाता में सेना के अधिकारी की बेटी से छेड़छाड़, सुरक्षा में तैनात जवान ने होंठ काटे

कोलकाता(एजेंसी)। कोलकाता में सेना के एक अधिकारी की बेटी से छेड़छाड़ के आरोप में जवान गिरफ्तार हुआ है। घटना मिलिट्री रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में 5 नवंबर को हुई। हेस्टिंग्स पुलिस स्टेशन ने रविवार रात जवान को गिरफ्तार किया। लड़की की मां के मुताबिक उनकी बेटी कॉम्प्लेक्स के अंदर पार्क में दूसरे बच्चों के साथ खेलने गई थी। जवान वहीं सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। मौका पाकर वह बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने लगा। उसने बच्ची के होंठ काट लिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पार्क में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों के बयान के आधार पर उसकी पहचान कर ली है, आरोपी का नाम मोहित पठान है। उसे बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को 16 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ताओं ने मिलिट्री रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स के फुटेज की जांच की। पार्क में घटना के समय तैनात सुरक्षा कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। लड़की की मेडिकल जांच कराई गई। घटना के समय उसने जो कपड़े पहने थे, उन्हें फोरेंसिक जांच के लिए जब्त किया गया है।

पुलिस ने आरोपी को 5 दिन बाद गिरफ्तार किया

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पानीपत केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. नजदीक रेलवे ओवरब्रिज गोहाना रोड़ पानीपत, पर दिनांक 17.11.2026 को पुराना व अनउपयोगी सामान की "जहां है, जैसी स्थिति में है" (As Is Where Is Basis) खुली बोली होने जा रही है इच्छुक बोलीदाता दिनांक 17.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे पानीपत केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. पानीपत मुख्यालय में पहुंचकर अपनी बोली दे सकता है। बोली से सम्बन्धित शर्तें निम्न प्रकार से हैं:-

1. इच्छुक बोलीदाता को उक्त बोली के लिए बतौर सिक्योरिटी राशि 50,000/- रूपये अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करवानी होगी। जिस बोलीदाता के रेट स्वीकृत होंगे, उसको छोड़कर अन्य सभी बोलीदाता की सिक्योरिटी राशि तुरंत वापिस कर दी जाएगी। बोली की 25 प्रतिशत राशि बोली के समय जमा करवानी होगी।
2. उक्त पुराना व अनउपयोगी सामान जैसे पुराने जनरेटर सैट्स, पुरानी लोहे (गोदरेज) की सेफ, अन्य अलमारीयां पुराने कम्पयूटर व प्रिन्टर व अन्य पुराना फर्नीचर बारे नीलामी के दौरान जिस बोलीदाता के रेट सबसे ज्यादा होंगे उसके रेट को स्वीकृति दी जाएगी। उक्त सामान का न्यूनतम रेटः-
   Godrej Safe 40/- Kg, Generator- 40/- Kg, Fan-35/-Kg, Almirah 30/- Kg, Water Cooler-50/- Kg, AC(Window & Split)- 50/- Kg, Computer (waste)-30/- Kg, Laptop, CPU & Keyboard- 30/- Kg
3. पुराना व अनउपयोगी सामान एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर उठाना होगा। अगर बोलीदाता एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर उक्त सामान नहीं उठाकर ले जाता है तो बोली रद्द कर दी जाएगी और उसकी राशि जब्त कर ली जाएगी।
4. पुराना व अनउपयोगी सामान का वजन व गिनती करवाकर जो धनराशि देय बनती है साथ के साथ भुगतान करना होगा।
5. केवल लाईसेंसधारी ही बोली देने के लिए पात्र होगा और अपने लाईसैंस की प्रति साथ लेकर आए।
6. बोली को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार निम्नहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

तनवीर मोर
महाप्रबन्धक
दी पानीपत केन्द्रीय सहकारी बैंक लि.
पानीपत
दूरभाष नं.-0180-2650138
संवाद-1184/11/136/2027/50916/C/88/6 दि. 10.11.26

राजेश पाटिल गोकुल डेरी अध्यक्ष निर्वाचित

कोल्हापुर। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ 'महायुति' के उम्मीदवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता राजेश पाटिल मंगलवार को कड़े मुकाबले में गोकुल डेरी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद का चुनाव महाराष्ट्र की भाजपा नीत सरकार के चार निदेशकों को मतदान का अधिकार देकर मनोनीत करने के फैसले को लेकर उठे बड़े राजनीतिक विवाद के बीच हुआ। पिछले महीने कोल्हापुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के चुनाव में कांग्रेस विधान परिषद सदस्य सतेज पाटिल के समर्थन वाले पैनल ने 13-12 के मामूली अंतर से जीत हासिल की थी।

आरजी करः पूर्व प्राचार्य ईडी के सामने पेश हुए

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष संस्थान में कथित वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में पूछताछ के लिए मंगलवार को कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में पेश हुए। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। घोष उस समय आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य थे, जब नौ अगस्त 2024 को एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। घोष केंद्रीय एजेंसी की ओर से जारी दूसरे समन के जवाब में ईडी कार्यालय पहुंचे।

पंजाब में तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

भाषा ▶▶| चंडीगढ़

ग्रेनेड, ड्रोन, 8 किलोग्राम हेरोइन व कारतूस बरामद

पंजाब पुलिस ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में सात लोगों को गिरफ्तार कर अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। इस दौरान एक रॉकेट चालित ग्रेनेड, एक ड्रोन, 7.904 किलोग्राम हेरोइन और 100 से अधिक कारतूस बरामद किए गए। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल, 5.152 किग्रा अफीम, 2.344 किग्रा मेथामफेटामीन, एक जीपीएस ट्रैकर और पांच मोबाइल भी बरामद किए।

आरोपी विदेश स्थित अपने आकाओं के संपर्क में थे

यादव ने कहा कि जांच में पता चला कि आरोपी कथित तौर पर विदेश स्थित अपने आकाओं के संपर्क में थे, जो अपराधियों के बीच वितरण के लिए रॉकेट चालित ग्रेनेड (आरपीजी) सहित अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की आपूर्ति करते थे। इस संबंध में अमृतसर के घरिंडा, लोपोके और भिंडी सैदा थानों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और इसके सभी संपर्कों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

ऑफिस ऑफ़ इन्शुरन्स आम्बड्समैन
OFFICE OF THE INSURANCE OMBUDSMAN

CIO
काउन्सिल फॉर इन्शुरन्स आम्बड्समैन
Council for Insurance Ombudsmen

11 नवंबर
इन्शुरन्स आम्बड्समैन डे

अब आप आराम से घर बैठकर अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं:
https://cioins.co.in/complaint/online

इंश्योरेन्स ऑम्बड्समैन
बीमा से संबंधित आपकी अनसुलझी शिकायतों पर सुनवाई करने के लिए देश भर में 18 इंश्योरेन्स ऑम्बड्समैन हैं.
भारत में कार्यरत प्रत्येक बीमा कंपनी (जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा) के पास एक सुव्यवस्थित शिकायत निवारण प्रणाली है. अगर अपनी बीमा कंपनी/बीमा ब्रोकर से अपनी बीमा पॉलिसी के बारे में आपकी कोई शिकायत हो तो पहले अपनी बीमा कंपनी से संपर्क करें. अगर बीमा कंपनी द्वारा दिए गए समाधान से आप संतुष्ट न हों तो अपनी शिकायत के निष्पक्ष तरीके से तथा बिना किसी खर्च समाधान के लिए आप बीमा लोकपाल के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं.

आपकी शिकायत:*
- आपकी शिकायत भारत में बीमा कंपनियों द्वारा जारी जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों से संबंधित होनी चाहिए.
- शिकायत व्यक्तिगत प्रकार की बीमा पॉलिसियों, सामूहिक पॉलिसियों या संपूर्ण स्वामित्वधारक फर्म्स तथा माइक्रो एंटरप्रायजेज़ को जारी व्यक्तिगत प्रकार की बीमा पॉलिसियों से संबंधित होनी चाहिए.
- शिकायत पॉलिसीधारक द्वारा स्वयं या उसके कानूनी उत्तराधिकारी या समनुदेशिति या पॉलिसी में दर्ज नामिति द्वारा की जा सकती है.
- बीमा कंपनी द्वारा शिकायत को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द किए जाने से संबंधित होनी चाहिए.
- बीमा कंपनी द्वारा शिकायत को रद्द किए जाने की तिथि से एक वर्ष के अंदर की जानी चाहिए.
- अगर मामले पर किसी अन्य फोरम में मुकदमा चल रहा हो, तो उसकी शिकायत नहीं की जा सकती है.

*शर्तें लागू.

अधिक जानकारी के लिए, कृप्या यहां विजिट करें www.cioins.co.in
ऑफिस ऑफ़ इंश्योरेन्स ऑम्बड्समैन/काउन्सिल फॉर इंश्योरेन्स ऑम्बड्समैन स्वयं या किसी प्रतिनिधि के ज़रिए न तो बीमा पॉलिसियों की बिक्री करता है और न ही बीमा पॉलिसियों पर किन्हीं बोनस की घोषणा करता है, और न ही किसी प्रकार का कोई भुगतान करता है। बीमा लोकपाल/सीआईओ/ ईसीओआई/जीबीआईसी के कर्मचारी के रूप में संपर्क करने वाले धोखेबाजों से सावधान रहें.

इंश्योरेन्स ऑम्बड्समैन के 18 कार्यालयों के ईमेल आईडी नीचे दिए गए हैं:-

अहमदाबाद: oio.ahmedabad@cioins.co.in
बेंगलुरू: oio.bengaluru@cioins.co.in
भोपाल: oio.bhopal@cioins.co.in
भुवनेश्वर: oio.bhubaneswar@cioins.co.in
चंडीगढ़: oio.chandigarh@cioins.co.in
चेन्नई: oio.chennai@cioins.co.in
दिल्ली: oio.delhi@cioins.co.in
गुवाहाटी: oio.guwahati@cioins.co.in
हैदराबाद: oio.hyderabad@cioins.co.in
जयपुर: oio.jaipur@cioins.co.in
कोच्ची: oio.ernakulam@cioins.co.in
कोलकाता: oio.kolkata@cioins.co.in
लखनऊ: oio.lucknow@cioins.co.in
मुंबई: oio.mumbai@cioins.co.in
नोयडा: oio.noida@cioins.co.in
पटना: oio.patna@cioins.co.in
पुणे: oio.pune@cioins.co.in
ठाणे: oio.thane@cioins.co.in

QR को स्कैन करें
जनहित में जारी
CBC 15227/13/0003/2627

चिंतन

रोजगार के मौके और महिलाओं की भागीदारी बढ़ना शुभ संकेत

देश में बेरोजगारी दर का पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत पर आना राहत देने वाला है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि श्रमबल में भागीदारी और वास्तव में काम कर रहे लोगों का अनुपात भी बढ़ा है। खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव की ओर शुभ संकेत करती है। जुलाई-सितंबर 2026 की तिमाही के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में कई सकारात्मक संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 54.6 प्रतिशत से बढ़कर 55.5 प्रतिशत हो गई है। इसका अर्थ है कि काम करने या रोजगार तलाशने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। वहीं, कामगार-जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में भी एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 52.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताता है कि कामकाजी आयु वर्ग के लोगों में वास्तव में रोजगार पाने वालों का अनुपात बढ़ा है। यानी सुधार केवल नौकरी तलाशने वालों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिक लोग काम से भी जुड़ रहे हैं। इस रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक पक्ष महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि है। महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर 33.2 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत और कामगार-जनसंख्या अनुपात 31.3 प्रतिशत से बढ़कर 32.8 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं का रोजगार से जुड़ना केवल परिवार की आमदनी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। अर्थव्यवस्था को भी इसका लाभ मिलता है, क्योंकि अधिक आबादी की कार्यक्षमता का उपयोग संभव होता है। ग्रामीण भारत ने इस तिमाही में रोजगार के मोर्चे पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांवों में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरों में यह 6.7 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियों की तेजी और स्वरोजगार में वृद्धि ने श्रम बाजार को सहारा दिया। कृषि क्षेत्र में कामगारों की हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत से बढ़कर 56.7 प्रतिशत और स्वरोजगार का अनुपात 61.4 प्रतिशत से बढ़कर 62.7 प्रतिशत हो गया। इस अवधि में 15 वर्ष से अधिक आयु के औसतन 57.9 करोड़ लोग रोजगार में थे। हालांकि, इन सकारात्मक आंकड़ों के साथ कुछ चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। ग्रामीण रोजगार में कृषि और स्वरोजगार की बढ़ती हिस्सेदारी को स्थायी तथा बेहतर आय वाले रोजगार में बदलना होगा। कृषि पर मौसमी निर्भरता कम करने के लिए ग्रामीण उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन देना होगा। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में मामूली वृद्धि बताती है कि नियमित और वेतनभोगी नौकरियों के अवसर बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है। रोजगार के इन आंकड़ों को अर्थव्यवस्था की दिशा में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली लक्ष्य ऐसे रोजगार पैदा करना है जो नियमित हों, सम्मानजनक आय दें और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हों। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसरों के माध्यम से और गति देनी होगी। रोजगार के अवसरों का विस्तार और महिलाओं की आर्थिक सक्रियता साथ-साथ बढ़ेगी, तभी विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

केवल दिवाली प्रदूषण का कारण नहीं

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। सामान्य दिनों में ऊंचाई के साथ हवा ठंडी होती जाती है और ज़मीन की गर्म हवा धुएं को लेकर ऊपर उठ जाती है।

सर्दी की रातों में ज़मीन तेज़ी से ठंडी होती है और ठंडी हवा की परत के ऊपर गर्म हवा की परत आ जाती है। इसे तापमान व्युत्क्रमण कहते हैं। यह गर्म परत ढक्कन की तरह प्रदूषकों को ऊपर नहीं जाने देती। इसी के साथ वह ऊंचाई घट जाती है, जहां तक प्रदूषक फैल सकते हैं। गर्मियों में यह दो से चार किलोमीटर होती है, सर्दियों में कुछ सौ मीटर रह जाती है। उतना ही धुआं बहुत कम हवा में सिमट जाता है। हवा की गति भी धीमी रहती है और मानसून के बाद बारिश नहीं होती, इसलिए कण न बहकर निकलते हैं, न धुलते हैं। नमी और कोहरे में गैसें रासायनिक क्रिया से सल्फेट और नाइट्रेट के महीन कणों में बदलती हैं और स्मॉग बनता है। भूगोल इस संकट को और गहरा करता है। सिंधु-गंगा का मैदान चारों ओर ज़मीन से घिरा है, उत्तर में हिमालय हवा का रास्ता रोकता है और दिल्ली तक समुद्री हवा नहीं पहुंचती। पटाखे प्रदूषण के कई स्रोतों में से एक हैं और उनका असर दिवाली के आसपास के कुछ दिनों तक रहता है। बाक़ी स्रोत पूरे मौसम, बल्कि पूरे साल सक्रिय रहते हैं। इनमें सबसे पहले वाहन हैं, जिनसे पेट्रोल-डीज़ल का धुआं और टायर-ब्रेक के घिसने से बने कण निकलते हैं। उद्योग, ताप बिजली घर और ईंट भट्ठे कोयला और अन्य ईंधन जलाकर गैसें और कण छोड़ते हैं। अक्टूबर-नवंबर में उत्तर-पश्चिमी हवाएं पंजाब और हरियाणा की पराली का धुआं दिल्ली-एनसीआर तक लाती हैं, हालाँकि इसका हिस्सा चरम दिनों में ऊंचा और पूरे मौसम के औसत में कम रहता है। सड़कों और निर्माण कार्य की धूल, ठंड में तापने के लिए जलती लकड़ी, उपले और कोयला, खुले में जलता कचरा और लैंडफिल की आग इस सूची को पूरा करते हैं। अध्ययनों में हर स्रोत के हिस्से के आंकड़े अलग-अलग हैं। फिर भी वे एक बात पर सहमत हैं: दिल्ली के प्रदूषण का बड़ा हिस्सा शहर की सीमा के बाहर से आता है। प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के मार्च 2026 के विश्लेषण में निगरानी वाले 238 शहरों में से 204 में पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक से ऊपर मिला। सबसे ऊपर गाजियाबाद रहा, जहां स्तर लगभग 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। उसके बाद नोएडा (166) और दिल्ली (163) रहे, जबकि दैनिक मानक 60 है। सबसे अधिक प्रभावित पट्टी पंजाब से पश्चिम बंगाल तक फैला सिंधु-गंगा का मैदान है। लुधियाना, रोहतक, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, पटना और कोलकाता सब इसी में आते हैं। इसके बाहर राजस्थान का भिवाड़ी, असम-मेघालय सीमा का बर्नीहाट और



सिंगरौली, कोरबा, धनबाद जैसे खनन और बिजलीघर वाले इलाक़े भी गंभीर रूप से प्रभावित हैं। दक्षिण और तटीय भारत की स्थिति बेहतर है। मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा। कर्नाटक का चामराजनगर लगभग 19 माइक्रोग्राम के साथ सबसे स्वच्छ शहरों में गिना गया। सेहत के लिए सबसे बड़ा ख़तरा पीएम 2.5 के महीन कण हैं, जो फेफड़ों की गहराई तक और वहाँ से ख़ून में पहुंच जाते हैं। शरीर इन्हें बाहरी हमला मानकर सूजन पैदा करता है और लंबे समय तक बनी यही सूजन बीमारियों की जड़ बनती है। तुरंत असर आंखों की जलन, खांसी, सांस फूलने और दमे के दौरों के रूप में दिखता है। लंबे समय में यह फेफड़ों के कैंसर, दिल के दौरे, स्ट्रोक और डायबिटीज़ का जोखिम बढ़ाता है। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुज़ुर्ग और दिन भर सड़क पर काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। आंकड़े इस बोझ का आकार बताते हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 के अनुसार 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं। 2021 में पांच साल से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौतें इससे जुड़ी पाई गईं। लैंसेट काउंटडाउन ने 2022 में असमय मौतों की आर्थिक क़ीमत 339.4 अरब डॉलर आंकी, जो GDP का 9.5 प्रतिशत है। शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण औसत भारतीय की उम्र 3.5 साल घटा रहा है। दिल्ली में यह कमी 8.2 साल, बिहार में 5.6, हरियाणा में 5.3 और उत्तर प्रदेश में 5 साल आंकी गई है। तुलना के लिए, इसी रिपोर्ट में कुपोषण से 1.6 साल और तंबाकू से 1.5 साल की कमी बताई गई है। दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है। आईक्यूएयर की 2025 की रिपोर्ट में पाकिस्तान पहले, बांग्लादेश दूसरे और भारत छठे स्थान पर रहा। दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर गाजियाबाद का लोनी रहा, जहां पीएम2.5 का सालाना औसत 112.5 माइक्रोग्राम दर्ज हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के केवल 14 प्रतिशत शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक पर खरे उतरे। चीन इस बात का उदाहरण है कि हालात बदले जा सकते हैं। बीजिंग में पीएम 2.5 का सालाना औसत 2013 में 89.5 माइक्रोग्राम था। चीन के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2025 में यह 27 रह गया, यानी लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट। भारत के मानक डब्ल्यूएचओ से काफ़ी ढीले हैं। पीएम 2.5 की सालाना सीमा भारत में 40 माइक्रोग्राम है और डब्ल्यूएचओ की पांच। 46 प्रतिशत भारतीय ऐसे इलाक़ों में रहते हैं, जहां हवा भारत के अपने मानक से भी ख़राब है। 2019 में शुरू हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 131 शहर शामिल हैं।

आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार इसका 64 प्रतिशत पैसा सड़क की धूल घटाने पर ख़र्च हुआ, जबकि उद्योग और वाहनों के उत्सर्जन पर एक से 13 प्रतिशत तक। दिल्ली-एनसीआर में हवा बिगड़ने पर ग्रैप के तहत निर्माण रोकने, ट्रकों का प्रवेश बंद करने और स्कूल ऑनलाइन करने जैसी पाबंदियां लगती हैं। ये आपात उपाय हैं और स्रोतों को नहीं घटाते। तात्कालिक प्रयोगों के नतीजे भी सीमित रहे हैं। अक्टूबर 2025 में दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के परीक्षणों से उल्लेखनीय बारिश नहीं हुई। ऑड-ईवन का असर अध्ययनों में सीमित और अस्थायी पाया गया। उत्तर भारत में पीएम 2.5 का सालाना औसत मानक से ऊपर रहता है और गांवों में चूल्हे का धुआं घर के भीतर की हवा बिगाड़ता है। बचाव के लिए ठीक से फ़िट किया गया एन95 मास्क और बंद कमरे में एचइपीए फ़िल्टर वाला प्यूरीफ़ायर कारगर हैं, पर ये इलाज नहीं, सिर्फ़ ढाल हैं। आंकड़े साफ़ हैं। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा

आपराधिक आंकड़े बढ़ाता है क्षणिक आक्रोश

तकनीकी विकास और जीवनशैली के मोर्चे पर बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में मानवीय व्यवहार में उपजा बेवजह का आक्रोश आपराधिक आंकड़े रहा है। सहज सी बातों को लेकर हो रहे विवाद जान लेने तक जा पहुंच जाते हैं। विवेक और आत्म-नियंत्रण को खो देने के परिणामस्वरूप मन-मस्तिष्क का यह अंधकार और विस्तार ही पा रहा है। हाल में हरियाणा के फरीदाबाद में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वैवाहिक समारोह में शामिल होने भारत आए परमजीत की मात्र पार्किंग की जगह और वहां कुत्ते को शौच कराने की बात को लेकर हुई कहासुनी के कारण जान ले ली गई। इन्हीं दिनों अहमदाबाद में सब्जी को लेकर हुए मामूली विवाद में पत्नी ने अपने सेवानिवृत्त फौजी पति की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं कानपुर में भी क्षणिक आक्रोश के कारण हुई एक दर्दनाक घटना में पानी मांगने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर लकड़ी का पटरा मारकर उसकी हत्या कर दी। क्षणिक आक्रोश यानी पल भर का क्रोध समाज और परिवार में गंभीर अपराधों का अहम कारण बन गया है। पल भर के गुस्से में लोग दूसरों का जीवन छीनने से नहीं चूक रहे।

इतना ही नहीं, क्षणिक आवेश में स्वयं अपनी जान लेने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। कभी पालतू जानवरों को लेकर कहासुनी तो कभी बच्चों से जुड़े मामलों पर बहसबाजी। कहीं पड़ोसियों में घर की बाड़ या दीवार को लेकर विवाद तो कहीं एक ही घर के करीबी संबंधियों में तकरार। कहीं सड़क पर गाड़ी का छू जाना या आगे निकल जाना तो कहीं दुकान पर लेन-देन को लेकर कहासुनी होना। आम सी बात पर शुरू हुई नोकझोंक के कारण आया क्रोध लोगों को जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे धकेलने वाला साबित हो रहा है। साथ ही मन-मस्तिष्क की क्षणिक दिशाहीनता किसी अन्य का जीवन समाप्त करने की वजह तो बनती ही है। विडम्बना ही है कि मामूली विवाद भी हिंसक रूप ले रहे हैं। जिसके चलते छोटी सी बात बड़े अपराध के रूप में सामने आती है। चिंतनीय है कि क्षणिक रोष और असंतोष का यह मेल महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक आपराधिक घटनाओं के आंकड़े बढ़ा रहा है। शिक्षित और अशिक्षित हर वर्ग, हर उम्र के लोग इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और कई सामाजिक अध्ययनों के साझे आंकड़े बताते हैं कि बहुत से मामलों में हत्या, हत्या के प्रयास और गंभीर मारपीट की घटनाएं किसी पुरानी दुश्मनी के कारण नहीं, बल्कि मामूली सी बात पर उपजे आक्रोश के कारण होती हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार साल 2022 में हत्या के सबसे अधिक मामलों का कारण मामूली विवाद था। पुलिस रिकॉर्ड भी बताते हैं कि कई घटनाओं के पीछे कोई सुनियोजित साजिश नहीं होती। बड़ी संख्या में हत्याओं का कारण उस पल में उपजा गुस्सा ही होता है। ध्यातव्य है कि कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रोड रेज़ की घटनाओं के कोई आंकड़े ही नहीं रखता था। पहली बार साल 2016 में इस श्रेणी में आने वाले आंकड़े जुटाए गए। या यूं कहें कि जुटाने पड़े क्योंकि गली-मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक ऐसी घटनाएं होने लगीं। अब तो तात्कालिक गुस्से के कारण सड़क से लेकर सामाजिक-पारिवारिक समारोहों तक, आए दिन ऐसे दर्दनाक मामले देखने में आ रहे हैं।वस्तुतः, यह क्षणिक दिशाहीनता समग्र समाज के लिए चिंता का विषय है। वैचारिक मतभेद के प्रति असहिष्णु होने, अहंकारी सोच और सोशल मीडिया के कारण वर्चुअल छवि को देखने-जीने के आदी होते लोग मामूली कहासुनी के कारण अपराध कर रहे हैं।

हालांकि बाद में पछतावा ही हाथ आता है। अहमदाबाद के मामले में घटना के बाद पत्नी ने स्वयं अपने देवर को बताया कि झगड़े के दौरान उसने अपने पति के सीने में चाकू मार दिया है। साथ ही वह बेहोश हुए पति को इलाज के लिए अस्पताल भी ले जा रही है। समझना कठिन नहीं, आवेग का ज्वार उतरते ही हर इंसान को अपनी भूल समझ आती है पर कई घटनाओं में भूल सुधारने का कोई रास्ता नहीं बचता। निस्संदेह, छोटी सी बात को लेकर हत्या और बर्बरता से मारपीट करने के दिल दहलाने वाले आपराधिक आंकड़े बदलते मानवीय व्यवहार को लेकर कई प्रश्न उठाते हैं। बात परिस्थिति की हो या कोई विशेष कारण। हर जगह अपनी बात कहने-मनवाने के व्यवहार का जड़ें जमाना वाकई दुःखद है। ऐसे में संयम, सहज बर्ताव और सधा संवाद ही ऐसी घटनाओं पर लगाम लगा सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती हैं



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

अंतर्मन



आज की पाती

विज्ञान का ज्ञान मानव हित के लिए प्रयोग हो

10 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात शांति और विकास के कामों में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञान ने इनसान की जिंदगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत सी भौतिकतावादी वस्तुएं जो विज्ञान की तरफ से हमें मिली हैं, वो हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमें से बहुत सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नई तकनीक का प्रयोग उचित तरीके से किया जाए तो वो वरदान है, अन्यथा वो अभिशाप बनेगी। - *शालु समरवाल, पानीपत*

ट्रेंड

मुफ्त एलपीजी सिलेंडर



दिल्ली की मेरी लाखों माताओं और बहनों को दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का उपहार मिलने पर हार्दिक बधाई। आज 15 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक परिवारों के बैंक खातों में सीधे 142 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई, ताकि उन्हें मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मिल सके।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण के मामले में 'विश्वगुरु' क्यों बनते जा रहे हैं? अधूरे उपाय, दिखावे के काम, झूठे वादे और एक-दूसरे पर आरोप लगाना - यही तो भाजपा की पहचान बन गई है! पीएम मोदी ने इसे एक "बड़ी चुनौती" बताया था, लेकिन उनकी सरकार ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया है!
- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

जनता का समर्थन



आज, जब भारत दुनिया के मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और तमाम बाधाओं व तूफानों को पीछे छोड़ रहा है, तो कांग्रेस पार्टी जिसने जनता का समर्थन खो दिया है, इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है
- **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, बीजेपी

हालात बदतर



यह दुखद और निंदनीय है कि केंद्र और दिल्ली सरकार उस प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है, जो दिल्ली का दम घोंट रहा है। हालात हमेशा से खराब थे। एक दशक में ये और भी बदतर हो गए हैं।
- **पी. चिदंबरम,** सांसद, राज्यसभा

करंट अफेयर

रूस के अखबार ने तीन दशक बाद मॉस्को कार्यालय किया बंद



रूस के सबसे चर्चित स्वतंत्र समाचार पत्रों में शामिल 'नोवाया गजेटा' ने सरकारी अधिकारियों के लगातार दबाव का हवाला देते हुए सोमवार को मॉस्को स्थित अपना कार्यालय बंद कर दिया। यह रूस में क्रेमलिन की आलोचना करने वाला आखिरी सक्रिय प्रमुख स्वतंत्र मीडिया संस्थान था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन में सैनिक भेजे जाने के बाद अन्य स्वतंत्र मीडिया संस्थान या तो बंद हो गए थे या अपना कामकाज विदेशों से करने लगे। अखबार ने 30 अक्टूबर को जारी एक बयान में कहा कि रूस के अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने उसके संपादकीय दल को कामकाज बंद करने के लिए मजबूर किया है। 'नोवाया गजेटा' ने कहा, 'इस देश में मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया है और अब उनका बचाव करने को अपराध माना जाता है। चुनाव और निर्वाचित संस्थाओं को प्रभावी रूप से खत्म कर दिया गया है, नागरिक संस्थानों का सफाया हो चुका है और अंतरात्मा की स्वतंत्रता तथा मानवीय गरिमा को पैरों तले कुचल दिया गया है। 'नोवाया गजेटा' 1993 में शुरू हुआ था और जल्द ही अपनी पत्रकारिता और रूस में मानवाधिकारों के उल्लंघन व भ्रष्टाचार को उजागर करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने लगा।

ऑफ बीट

कैंसर की शुरुआती पहचान 'गैलरी' जांच से संभव



गैलेरी जांच शुरुआती अवस्था में एक साथ कई प्रकार के कैंसर का पता लगाने वाली जांचों की एक नयी श्रेणी में शामिल है। ये जांचें कैंसर का निश्चित निदान नहीं करतीं। यदि जांच में कैंसर होने का संकेत मिलता है, तो इसकी पुष्टि करने के लिए आगे की जांच जरूरी होती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति को वास्तव में कैंसर है या नहीं और यदि है, तो वह किस प्रकार का है। इसे बीमारी की शुरुआती पहचान के लिए की जाने वाली जांच के रूप में पेश किया जाता है। इसकी तुलना स्तन कैंसर की पहचान के लिए मैमोग्राफी या प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए जांच से की जा सकती है। गैलेरी का संभावित लाभ यह है कि इससे एक ही बार में कई तरह के कैंसर का पता लगाने की कोशिश की जाती है। गैलेरी जांच खून में मौजूद डीएनए के उन छोटे-छोटे अंशों की तलाश करती है, जिनका संबंध कैंसर से होता है। जब किसी व्यक्ति के डीएनए में गड़बड़ी आती है, तो इसकी वजह वंशानुगत उत्परिवर्तन या पर्यावरण से जुड़ा कोई कारक हो सकता है। ऐसी गड़बड़ी से कोशिकाओं के विभाजन को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप कोशिकाओं का अनियंत्रित विभाजन शुरू हो सकता है और कैंसर कोशिकाएं पनपने लगती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

सबालेंका की विजयी शुरुआत, एक घंटे 53 मिनट में मुचोवा को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

एरिना सबालेंका ने कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेट में 7-6 , 7-5 से हराकर 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

पूर्व विश्व नंबर एक सबालेंका ने 1 घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा से होगा। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका 2022 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंडस्लैम खिताब के सत्र का समापन करेंगी। वह डब्ल्यूटीए की साल के अंत की नंबर एक रैंकिंग की दौड़ से भी बाहर हो चुकी हैं। उनकी प्रतिद्वंद्वी एलेना रिबाकिना के वायरल बीमारी के कारण डब्ल्यूटीए फाइनल्स से हटने के बावजूद सबालेंका शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सकेंगी। हालांकि 28 वर्षीय सबालेंका के पास पहली बार सत्र के अंतिम टूर्नामेंट का खिताब जीतने का मौका है। वह इससे पहले 2022 और 2025 में उपविजेता रही थीं।

बारिश ने बिगाड़ा बुमराह-जडेजा का खेल भारत-न्यूजीलैंड 'ए' सीरीज 0-0 से ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लिंकन

जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को लंबे ब्रेक के बाद मैच अभ्यास हासिल करने का मौका नहीं मिल सका क्योंकि भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे और अंतिम दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के कारण ड्रॉ समाप्त हुआ। मैच के तीसरे दिन सोमवार को भी बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। इस तरह तीन मैच की श्रृंखला के सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ए ने यशस्वी जायसवाल के श्रृंखला के लगातार दूसरे शतक और साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, तिलक वर्मा तथा वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से 5 विकेट पर 464 रन बनाकर पारी घोषित की थी। न्यूजीलैंड ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट पर 36 रन बनाए थे।

19 नवंबर से वेलिंगटन में टेस्ट सीरीज

भारतीय टीम के नजरिए से यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि ब्रेक के बाद वापसी कर रहे बुमराह और जडेजा को मैच अभ्यास का मौका मिलने की उम्मीद थी। बुमराह ने अपना पिछला मैच तीन अक्टूबर को जापान के आइची-नागोया में पाकिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में खेला था। उन्हें न्यूजीलैंड दौरे के सीमित ओवरों के चरण से विश्राम दिया गया था, जिससे कि 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वह तरोताजा रह सकें। इस मुकाबले में बुमराह को केवल छह ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 11 रन दिए। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले कई स्पैल गेंदबाजी करके अच्छी लय हासिल करना चाहते थे लेकिन खराब मौसम ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया।



तीसरे नंबर पर पडिक्कल की जगह लगभग पक्की

पडिक्कल ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में 199 रन बनाए थे, जिससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। सुदर्शन ने भी कुछ अर्धशतक जड़कर अपनी उपयोगिता साबित की। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद आकाश दीप भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा चौथे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करते हैं या नहीं। आकाश दीप उपयोगी बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं।

जडेजा को मिला बल्लेबाजी का मौका

विदेशी परिस्थितियों में आमतौर पर प्रमुख बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले जडेजा को बल्लेबाजी का मौका मिला। उन्होंने 71 गेंद का सामना करते हुए 25 रन बनाए और एक घंटे 20 मिनट तक क्रीज पर रहे। हालांकि जडेजा को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि भारत ए की टीम केवल 14 ओवर ही गेंदबाजी कर सकी।

8 प्लेयर होंगे वेलिंगटन रवाना

बुमराह, जडेजा के अलावा जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप अब वेलिंगटन रवाना होंगे, जहां भारतीय सीनियर टीम की नजरें बारिश नहीं होने की स्थिति में छह अभ्यास सत्र के जरिए तैयारी करने पर होंगी।भारत ए की श्रृंखला की बात करें तो जायसवाल के लगातार दो शतक और पडिक्कल का शानदार प्रदर्शन टीम के लिए दो बड़ी सकारात्मक चीजें रहीं।

भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज बारिश की भेंट चढ़ा तीसरा मैच

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को सेडन पार्क में खेला जाने वाला तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। भारत पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। दोनों टीम अब अंतिम दो मुकाबलों के लिए टाउरंगा रवाना होंगी, जहां 13 और 15 नवंबर को मैच खेले जाएंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लगातार तीसरी बार टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पिछले दो मुकाबलों में उतरी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। हालांकि 40-40 ओवर के मैच के लिए मैदान से



कवर्स हटाए जाने के दौरान एक बार फिर बारिश शुरू हो गई। 20-20 ओवर के मुकाबले के लिए स्थानीय समयानुसार शाम 7 बजकर 50 मिनट की निर्धारित समय सीमा में कम से कम 70 मिनट शेष होने के बावजूद दोनों अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया।

युवा ओलंपिक मुक्केबाज अंबेकर मीतेई ने सेफा में पहुंचकर भारत के लिए पक्का किया पदक

डकार (सेनेगल)। भारतीय मुक्केबाज लैरेनलाकपम अंबेकर मीतेई ने मंगलवार को नामीबिया के अब्राहम कलेंगा को हराकर पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही युवा ओलंपिक में भारत के लिए एक और पदक सुनिश्चित कर दिया। मीतेई ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले दौर में ही रेफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर जीत दर्ज की। मुकाबला एक मिनट 57 सेकंड में समाप्त हो गया। भारतीय मुक्केबाज के समाने बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज्जोन जेफरी अरेवालो की चुनौती होगी भारत युवा ओलंपिक में अब तक तीन रजत और पांच कांस्य पदक जीत चुका है।

शतरंज में भारत का शतक पूरा, 22 साल के श्रीवात्री बने 100वें ग्रैंडमास्टर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुज श्रीवत्री को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज में यह शतक पूरा करना देश के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। मोदी ने कहा कि भारत में 100 ग्रैंडमास्टर होना खिलाड़ियों की अपार प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ ही देश के युवाओं के बीच इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत ने शतरंज में शतक पूरा कर लिया है! है ना यह असाधारण उपलब्धि? भारत अब 100 शतरंज ग्रैंडमास्टर वाला देश बन गया है। भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवत्री को बधाई! यह कितनी शानदार उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि यह उपलब्धि कई और युवाओं को शतरंज अपनाने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।'



अंडर-17 और अंडर-20 के खाली पड़े भार वर्गों के लिए 13 को चयन ट्रायल

कॉमनवेल्थ रेसलिंग : दिल्ली-लखनऊ में होंगे ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

दक्षिण अफ्रीका के पोलोक्वाने में 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 'कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप' के लिए भारतीय कुश्ती संघ ने अंडर-17 और अंडर-20 आयु वर्ग के शेष खाली भार वर्गों के लिए दूसरे स्थान हेतु नए चयन ट्रायल 13 नवंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला कुश्ती के चयन ट्रायल 13 नवंबर को सुबह 10 बजे से नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। वहीं, फ्री-स्टाइल और ग्रीको रोमन के चयन ट्रायल साई सेंटर, लखनऊ में संपन्न होंगे। इससे पहले 6 नवंबर को प्रथम स्थान के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए थे। हालांकि, अंडर-20 फ्री स्टाइल वर्ग में 65, 70, 74, 79, 86 व 92 किग्रा, ग्रीको रोमन वर्ग में 60, 63, 77 व 97 किग्रा तथा महिला कुश्ती में 72 किग्रा वर्ग में दूसरी एंट्री के लिए भार वर्ग खाली रह गए थे। इसके अलावा अंडर-17 ग्रीको रोमन के 45 और 65 किग्रा भार वर्ग में भी दूसरी एंट्री के लिए चयन लंबित रह गया था। इन्हीं रिक्त वर्गों को भरने के उद्देश्य से 13 नवंबर को दोबारा ट्रायल कराए जा रहे हैं। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के नियमों के मुताबिक, इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रत्येक देश को हर वेट कैटेगरी में दो पहलवानों को एंट्री देने की अनुमति है। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक पहलवानों को पूरी तरह से स्वयं के खर्चे पर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने की लिखित सहमति के साथ 12 नवंबर 2026 तक कुश्ती संघ से संपर्क कर अपनी भागीदारी की पुष्टि करनी होगी।

कुमामोतो मास्टर्स : प्री क्वार्टर फाइनल में गायत्री और त्रीसा

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की भारत की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में स्थानीय दावेदार हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस साल नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री और त्रीसा की भारतीय जोड़ी ने जापान की जोड़ी के खिलाफ 42 मिनट में 21-17, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि मिश्रित युगल में ध्रुव



कपिला और राधिका शर्मा की जोड़ी को क्वालीफाइंग के पहले दौर में चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी ने 21-16, 21-15 से हराया।

एक और अवसर
हरियाणा SIR 2026
CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

क्या प्रारूप मतदाता सूची में आपका नाम नहीं है?

अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराव (ASDD) चिह्नित मतदाता भी अपना नाम अंतिम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

सहायता चाहिए?
वोटर हेल्पलाइन 1950 ECINET ऐप पर "Book a call with BLO"
वेबसाइट ceoharyana.gov.in फेसबुक /ceoharyana
इंस्टाग्राम /ceo.haryana X @ceoharyana यूटयूब @ceo.haryana

भारत निर्वाचन आयोग के पत्र सं. 23/INST/2025&ERS दिनांक 06.11.2026 के अनुसार

1 सूची देखें
कारण सहित ASDD सूचियां मतदान केंद्र, पंचायत भवन, शहरी निकाय व बीडीओ कार्यालय तथा CEO हरियाणा की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

2 फॉर्म प्राप्त करें
बीएलओ घर आकर या व्हाट्सऐप (एसएमएस) ई-मेल से फॉर्म देंगे या पुराने EPIC नम्बर से voters.eci.gov.in / ECINET ऐप पर डाउनलोड करें।

3 ERO / AERO / बीएलओ को जमा करें

उसी पते पर रहते हैं
गणना प्रपत्र + अनुलग्नक-B
देरी का कारण बताएं। स्वयं, परिवार द्वारा या ECINET पर ई-साइन से ऑनलाइन जमा करें।

हरियाणा में ही पता बदला
गणना प्रपत्र + अनुलग्नक-C + पते का प्रमाण
फॉर्म-8 जरूरी नहीं। नए विधानसभा क्षेत्र के ERO / AERO को जमा करें।

फॉर्म-6 पहले ही भरा है
दोबारा आवेदन जरूरी नहीं
SIR के दौरान जमा फॉर्म-6 पर ही कार्यवाही होगी।

✓ फॉर्म स्वीकार होने पर वही पुराना EPIC नम्बर दोबारा मिलेगा।
बेघर हैं? बीएलओ की सत्यापन रिपोर्ट को ही पते का प्रमाण माना जाएगा।

2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा नहीं कर पाई हासिल

टीम को गोल्ड, पदक से चूकी ईशा-मनु

एजेंसी ▶▶|दोहा

भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में मंगलवार को महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में स्टार निशानेबाज मनु भाकर और ईशा सिंह पदक के साथ ही 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का मौका चूक गईं। व्यक्तिगत फाइनल में ईशा सिंह आठवें और अंतिम स्थान पर रहीं, जबकि मनु भाकर मामूली अंतर से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहीं।

क्वालीफिकेशन दौर में ईशा व भाकर का शानदार प्रदर्शन





ईशा और मनु ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। ईशा तीसरे और मनु छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। दोनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में अपना प्रदर्शन बरकरार नहीं रख सकीं। इस चैंपियनशिप में लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कुल 36 कोटा दांव पर हैं। ईशा का प्रदर्शन फाइनल में बेहद निराशाजनक रहा। वह चार सीरीज में क्रमशः एक, पांच, तीन और दो निशाने ही साध सकीं। इस तरह 20 में से केवल 11 हिट के साथ उन्हें सबसे पहले प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। मनु ने कई शूटऑफ में जगह बनाकर पदक की उम्मीदें कायम रखीं, लेकिन आखिरकार वह चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने कुल 27 हिट हासिल किए। भारत अब तक केवल एक ओलंपिक कोटा हासिल कर सका है। यह कोटा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय ने दिलाया है।



खबर संक्षेप

हुआंग की 69.5 हजार करोड़ दौलत घटी

वॉशिंगटन। एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग की संपत्ति में एक ही दिन में 7.4 अरब डॉलर (69.5 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आई है। कंपनी के शेयरों में दबाव के बीच उनकी कुल संपत्ति घटकर 154.7 अरब डॉलर (14.53 लाख करोड़ रुपए) रह गई। वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में आठवें स्थान से फिसलकर दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हुआंग के खिलाफ प्रस्तावित क्लास एक्शन मुकदमा दायर किया गया है। आरोप है कि कंपनी और हुआंग ने शेयरधारकों को गुमराह किया।



ब्रिटिश लेखक हैरिसन को मिला बुकर अवार्ड

पेरिस। ब्रिटिश लेखक एम जॉन हैरिसन ने 81 साल की उम्र में साहित्य की दुनिया का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार 2026 जीत लिया है। उन्हें यह सम्मान उनके उपन्यास 'द एंड ऑफ एवरीथिंग' के लिए दिया गया है। इस साल शामिल छह उपन्यासों में यह सबसे छोटा था। इसमें केवल 198 पन्ने हैं। करीब 60 साल से लेखन कर रहे हैरिसन अब बुकर पुरस्कार जीतने वाले सबसे उम्रदराज लेखक बन गए हैं। हैरिसन को यह पुरस्कार सोमवार रात लंदन में आयोजित समारोह में दिया गया।



ऑस्ट्रेलिया में मेयर बने अभिषेक अवस्थी

विक्टोरिया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के निवासी अभिषेक अवस्थी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के ग्रेटर बेंडिगो शहर में डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब वह मेयर बन गए हैं। इसके साथ ही वह इस शहर के महापौर बनने वाले पहले मूल भारतीय बन गए हैं। 9 नवंबर को ग्रेटर बेंडिगो स्थित द कैपिटल थिएटर में आयोजित समारोह में अभिषेक अवस्थी ने मेयर पद की शपथ ली। उन्होंने आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। उनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। उन्हें वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से मेयर चुना गया है।



दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

तुरंत एक्शन लें राज्य सरकारें, 2 हफ्ते में वे किए गए उपायों की पूरी डिटेल भी पेश करें

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को लगाई कड़ी फटकार

मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को बढ़ते प्रदूषण को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे उन उपायों की पूरी जानकारी दें, जो ओवर-एज और नियमों के खिलाफ चल रहे वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में घुसने और चलने से रोकने के लिए किए गए हैं।

इस मामले में सख्ती दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि वाहनों से होने वाला प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इस पर तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है।कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारें, साथ ही म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) और दिल्ली पुलिस से इस पूरे मामले में जवाब मांगा है। कोर्ट ने सभी पक्षों को 2 हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है।

अदालत ने किए ये सवाल

- **प्रदूषण मानक और पीयूसी:** जो गाड़ियां तय प्रदूषण मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, उनकी पहचान कैसे की जाती है और पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट के नियमों को कैसे लागू किया जा रहा है?
- **अब तक क्या कार्रवाई हुई:** अधिकारियों को यह बताना होगा कि नियमों तोड़ने वालों पर क्या एक्शन लिया गया? कितने वाहनों की जांच हुई, कितने चालान काटे गए, कितनों की एंट्री रोकी गई या अन्य कानूनी कार्रवाई की गई।
- **आपसी तालमेल-** इसके अलावा दिल्ली और पड़ोसी राज्य मिलकर अंतर-राज्यीय वाहनों के आने-जाने को कैसे कंट्रोल कर रहे हैं?
- **सीएक्यूएम और न्यायमित्र के सुझाव:** कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) और कोर्ट के न्यायमित्र द्वारा दिए गए सुझावों पर इन राज्यों की क्या राय है और वे इसके अलावा क्या कदम उठाएंगे।



डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी पर कहा

रोकने के कदमों की जानकारी दें डिजिटल प्लेटफॉर्म



उच्चतम न्यायालय ने वाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म चलाने वाली कंपनियों से कहा है कि वे देश में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी और उससे जुड़े साइबर अपराधों को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दें। 29 अक्टूबर को हुई सुनवाई से संबंधित आदेश में न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने वाट्सएप और अन्य संबंधित कंपनियों को अपने प्रस्ताव भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) को भी एक साथ सौंपने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तारीख तय की है।

खरगे ने कसा तंज वायु प्रदूषण में हम 'विश्वगुरु' क्यों बन रहे?



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली 'विश्वगुरु' क्यों बनती जा रही है और क्या प्रधानमंत्री मोदी देश को 'हवा का हिसाब' देने का साहस दिखाएंगे? दिल्ली में दीपावली के बाद प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने को भी इसकी एक प्रमुख वजह माना जा रहा है।

तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

17 की मौत, 12 घायल, 6 अरेस्ट राष्ट्रपति ने जांच के दिए आदेश

एजेंसी ▶▶ अंकारा

तुर्किये के पश्चिमी हिस्से में सोमवार को एक स्टील प्लांट में भीषण धमाका होने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। धमाके के बाद प्लांट में भीषण आग लग गई और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। हादसा इजमिर प्रांत के अलियागा में स्थित हाबास (एचएबीएएस) आयरन एंड स्टील प्लांट में हुआ। यह फैक्ट्री हबास डेमिर सेलिक कंपनी की है, जो तुर्किये की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल है। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोगों को भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। घटना के बाद आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय गवर्नर सुलेमान एल्बान ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ।



तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

बुल्गारिया : कोहरे से 86 गाड़ियां टकराईं, 12 की मौत

सोफिया। बुल्गारिया में मंगलवार को घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजधानी सोफिया को काला सागर के बंदरगाह शहर बर्गास से जोड़ने वाले हाईवे पर 86 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 46 घायल हुए हैं। हाइवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया। हादसे के कारण बुल्गारिया की राष्ट्रपति इलियाना योतोवा ने भी अपना विदेश दौरा बीच में छोड़ दिया। वह पेरिस पीस फोरम में शामिल होने के लिए पेरिस गई थीं, लेकिन हादसे की खबर मिलने के बाद उन्होंने कार्यक्रम छोड़कर बुल्गारिया लौटने का फैसला किया। अधिकारियों के मुताबिक पहला हादसा हाईवे की पूर्व दिशा में जाने वाली लेन पर हुआ। घना कोहरा होने के कारण ड्राइवरों को आगे चल रही गाड़ियां दिखाई नहीं दीं और कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं।

केवल मुसलमानों के वोट के लिए वे बहाती रहीं आंसू : गिरिराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण ने उनका यह असली चेहरा सामने ला दिया कि उनके आंसू सिर्फ मुसलमानों के वोट के लिए बहते हैं,लेकिन जब पाकिस्तानी आतंकवादी भारतीयों की हत्या करते हैं और नक्सली 'सनातनियों का नरसंहार' करते हैं, तब उनके आंसू सूख जाते हैं।



रिजिजू ने सऊदी में किए हस्ताक्षर

हज-2027 के लिए भारत का कोटा 1,75,025 तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



किरेन रिजिजू और डॉ. तौफीक

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 6 से 9 नवंबर 2026 तक सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा की। इस दौरान भारत और सऊदी अरब ने हज-2027 की तैयारियों की समीक्षा की और भारतीय हज यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम तथा आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने पर सहमति जताई।

दोनों देशों के बीच हज-2027 के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए। इसके तहत भारत का हज कोटा 1,75,025 निर्धारित किया गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव (हज) और हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ शामिल रहे। 9 नवंबर को रिजिजू ने जेद्दा सुपरडोम में सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्री डॉ. तौफीक बिन फवजान अल-रबियाह के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें सऊदी अरब में भारत के राजदूत और संयुक्त सचिव (हज) भी शामिल हुए। बैठक में हज-2027 की तैयारियों की समीक्षा की गई।

इजराइली राष्ट्रपति ने आइजेनकोट को चुना

नई सरकार बनाने 28 दिन की दी मोहलत, सियासी जोड़तोड़ तेज

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



आइजेनकोट और राष्ट्रपति हर्जोग

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने रविवार (8 नवंबर) को सरकार गठन को लेकर फैसला लिया। उन्होंने आइजेनकोट को नई सरकार बनाने का आधिकारिक जिम्मा सौंपा। इसके लिए उन्हें 28 दिन का समय दिया गया है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति उन्हें 14 दिन का अतिरिक्त समय भी दे सकते हैं। नई सरकार बनाने के लिए संसद में 120 में से कम से कम 61 सदस्यों का समर्थन जरूरी है।

इजराइल में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पूर्व सेना प्रमुख और विपक्षी नेता गादी आइजेनकोट ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी दलों से संपर्क कर अपनी सरकार में शामिल होने का न्योता दिया है। आइजेनकोट ने अपनी पार्टी याशर के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की ओर से नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच की दक्षिणपंथी पार्टी 'रिलीजियस जायोनिज्म' को भी साथ आने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, उनकी शर्त है कि गठबंधन सरकार का नेतृत्व वह स्वयं करेंगे।

फ्रांस के विदेश मंत्री बैरोट का ईरान पर बड़ा आरोप

सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर हैक किए प्रतिबंध लगाने की दी कड़ी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस ने ईरान को साइबर हमले के लिए कड़ी कार्रवाई और प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। फ्रांस विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ईरान की सेना की एक साइबर यूनिट ने अक्टूबर में देश के 700 सुपरमार्केट को निशाना बनाया था। हैकर्स ने दुकानों के फ्रिज और फ्रीजर का सिस्टम हैक कर उनका तापमान बढ़ा दिया था।

इससे खाने-पीने का सामान खराब हो गया और दुकानदारों को बड़ी मात्रा में सामान फेंकना पड़ा। बता दें, फ्रांस में 11 और 12 अक्टूबर को हुए साइबर हमले में सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर सिस्टम हैक किए गए थे।



आईआरजीसी के खिलाफ जांच शुरू

फ्रांस के सरकारी वकील लॉर बेकुऊ ने ईरान की सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की साइबर यूनिट शाहिद कावेह के खिलाफ जांच शुरू की है। इसी यूनिट पर हमले के पीछे होने का आरोप है। इस यूनिट से जुड़े दो अधिकारियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग भी की है।

जवाबी कार्रवाई के सभी विकल्प खुले

बैरोट ने कहा कि ईरान के राजदूत को तलब किया जाएगा। फ्रांस इस मामले में यूरोपीय संघ (ईयू) से ईरान पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी करेगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस जवाबी कार्रवाई के सभी विकल्प खुले रखेगा। इसमें ऐसे कदम भी शामिल हैं, जिनकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। बैरोट ने कहा कि फ्रांस का मकसद ईरान या किसी दूसरे देश को भविष्य में ऐसे हमले करने से रोकना है। उन्होंने इस हमले को फ्रांस की धरती पर अब तक का सबसे बड़ा और आक्रामक साइबर हमला बताया।

ईरान युद्ध पर ट्रंप का यू-टर्न

कतर के पीएम थानी से मुलाकात बाद बोले- हमले की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



डोनाल्ड ट्रंप और शेख अल थानी

ईरान के साथ आठ महीने से जारी युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि सैन्य रूप से ईरान के खिलाफ लड़ाई प्रभावी तौर पर खत्म हो चुकी है लेकिन अमेरिकी सेना अलर्ट पर रहेगी। फिलहाल अमेरिका मौजूदा स्थिति बनाए रखना चाहता है और दोबारा बड़े हमले करने की जरूरत नहीं दिख रही है। ट्रंप ने सोमवार को कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी से मुलाकात के बाद कहा कि ईरान सैन्य रूप से प्रभावी तौर पर खत्म हो चुका है। हम फिलहाल मौजूदा स्थिति बनाए रख रहे हैं। ईरान का नेतृत्व बुरी तरह कमजोर हुआ है। हालांकि, अमेरिका की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय तक निष्क्रिय रहे और वह परमाणु हथियार बनाने की स्थिति में न पहुंचे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में सकारात्मक प्रगति हो रही है।

विदेश में अपनों की सुरक्षा संभालेगी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स

स्पेशल कमांडोज को सीआईएसएफ दे रही विशेष प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशों में रह रहे अपनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के 50 स्पेशल कमांडोज को विदेश में रह रहे अपनों की हिफाजत के लिए चुना गया है। इन स्पेशल कमांडोज में दो गजेटेड ऑफिसर, 3 सबोर्डिनेट ऑफिसर और 45 अन्य रैंक के अधिकारी शामिल हैं। विदेश में तैनाती से पहले इन स्पेशल कमांडोज को अलग-अलग लेबल पर ट्रेनिंग दी जा रही है। पहले लेबल पर बीएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर में उन सभी परिस्थितियों को लेकर ट्रेंड किया गया है, जिनका सामना उन्हें विदेश में करना पड़ सकता है।

आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी दी

वीवीआईपी सिक्योरिटी और एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर के बारे में भी ट्रेनिंग दी



सीआईएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर में बीएसएफ के 50 स्पेशल कमांडोज

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 28 सितंबर 2026 को शुरू हुई बीएसफ कमांडोज की प्री-इंडक्शन ट्रेनिंग के दौरान उन्हें वीवीआईपी सिक्योरिटी, एक्सेस कंट्रोल और मॉर्डन इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी इक्विपमेंट के इस्तेमाल के बारे में बताया गया है। ट्रेनिंग के दौरान, बीएसएफ कमांडोज को एक्स-रे बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम को ऑपरेट करना और एक्स-रे इमेज के बारे में बताया गया है। इसके अलावा, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) और डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स के बारे में बताया गया है। साथ ही, बीएसएफ कमांडोज को एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर (ईटीडी) को इस्तेमाल करने के बारे में भी ट्रेनिंग दी गई है। स्पेशल ट्रेनिंग सेशंस में बेहद संवेदनशील डिप्लोमैटिक परिसरों में जनरल एक्सेस कंट्रोल मैनेजमेंट और स्क्रीनिंग एटिकेट्स की जानकारी भी दी गई है।

4 सप्ताह की प्री ट्रेनिंग

दूसरे चरण की स्पेशल ट्रेनिंग की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपी गई है। सीआईएसफ की तरफ से 4 सप्ताह की प्री इंडक्शन ट्रेनिंग दी गई। यह ट्रेनिंग बीएसएफ की छावला स्थित 25वीं बटालियन में पूरी की गई है। तीसरे चरण की ट्रेनिंग सीआईएसएफ के नोएडा स्थित स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप और महिपालपुर स्थित एविएशन सिक्योरिटी ग्रुप में ट्रेनिंग दी गई है।

श्रीलंका में भारतीय मिशन में होगी तैनाती

अधिकारी के अनुसार, बीएसएफ की स्पेशल सिक्योरिटी टीम को श्रीलंका में भारतीय मिशन की सुरक्षा पुख्ता करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस फैसले के तहत, बीएसएफ के स्पेशल कमांडोज को कोलंबो स्थित हाई कमीशन ऑफ इंडिया और जाफना स्थित कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया में तैनात किया जाएगा। बता दें, बीएसएफ ने सीआईएसएफ से अपने इंस्ट्रक्टर्स और ट्रेनिंग इक्विपमेंट उपलब्ध कराने की रिक्वेस्ट की थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28